चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 266, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 26 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दिवाली से पहले किसानों को तोहफा

## कैबिनेट ने दी खाद सब्सिडी को मंजूरी, सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा

**नई दिल्ली**
**दिवाली से प**हले सरकार ने किसानों को तोहफा देने का एलान किया है। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए फायदेमंद फैसले को मंजूरी दे दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सरकार की तरह से न्यूट्रिएंट बेस्ड फर्टिलाइजर सब्सिडी को मंजूरी दी गई है। इस बार के रबी सीजन के लिए यह मंजूरी दी गई है। इससे सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा।

मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर रबी मौसम, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये के खर्च की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक रबी सीजन के लिए सब्सिडी की जानकारी दी। उन्होने बताया कि नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी।

उन्होंने कहा कि सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ें तो इसका असर देश के हमारे किसानों पर ना पड़े। डीएपी पर सब्सिडी 4500 रुपये प्रति टन जारी रहेगी। डीएपी पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी में मिलेगी। एनपीके 1470 रुपये प्रति बैग की कीमत पर उपलब्ध होगा। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक लागू) के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी ताकि किसानों को सस्ती कीमतों पर इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सरकार




की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह उर्वरक विनिमाताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को सब्सिडाइज्ड मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों के 25 ग्रेड उपलब्ध करा रही है।

पीएण्डके उर्वरकों पर सब्सिडी दिनांक 01-04-2010 से एनबीएस स्कीम के तहत दी जा रही है। सरकार अपने किसान हितैषी दृष्टिकोण के अनुसार, किसानों को वहनीय मूल्यों पर पीएण्डके उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**किसानों के हित में सरकार का फैसला- अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लिया है। किसान हितैषी सरकार ने फैसला किया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती हुई खादों की कीमतों का प्रभाव हम भारत के किसानों पर नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने कहा कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी ही मिलेगी। इसके अलावा नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) 1470 रुपये प्रति बोरी की कीमत पर मिलेगी।

**तमिलनाडु सरकार ने डीए में चार फीसदी का किया इजाफा**

तमिलनाडु सरकार ने इस साल 1 जुलाई से राज्य सरकार के कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनभोगियों के लिए डीए (महंगाई भत्ता) में 4% की वृद्धि की घोषणा की है।

## पुलवामा हमले का राजनीतिक इस्तेमाल हुआ: सत्यपाल

# सत्यपाल मलिक से मिले राहुल गांधी

### पुलवामा हमले से लेकर जातिगत जनगणना तक पूछे सवाल

**नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का इंटरव्यू लिया है। इसका वीडियो उन्होंने अपने यूट्यूब अकाउंट पर पोस्ट किया है। करीब आधे घंटे के इस इंटरव्यू में उन्होंने पुलवामा हमला, किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुच्छेद 370, जातिगत जनगणना, मणिपुर हिंसा समेत कई मुद्दों पर सवाल किए। बातचीत के दौरान मलिक ने यह भी कहा कि वह लिखकर देते हैं कि केंद्र में दोबारा मोदी सरकार सत्ता में नहीं आएगी।

**अनुच्छेद 370 और राज्य के दर्ज को लेकर क्या कहा**

जम्मू-कश्मीर और अनुच्छेद 370 को लेकर मलिक ने कहा, मेरी राय है कि वहां के लोगों को जबरदस्ती या सेना से ठीक नहीं कर सकते। वहां के लोगों को जीतकर आप कुछ भी कर सकते हैं। मैंने उन लोगों को भरोसे में लिया। पूर्व राज्यपाल ने कहा, मुझे लगता है कि उनके राज्य के दर्ज को वापस करना चाहिए। इन्होंने अनुच्छेद 370 वापस लेकर केंद्र शासित राज्य बनाया। इन्हें डर था कि कहीं राज्य की पुलिस विद्रोह न कर दे। हालांकि, जम्मू-कश्मीर की पुलिस ने हमेशा केंद्र सरकार का साथ दिया। उन्होंने कहा, (केंद्रीय गृहमंत्री) अमित शाह का वादा है कि वे राज्य का दर्जा वापस करेंगे। इसलिए



इन्हें जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस करना चाहिए और वहां चुनाव कराने चाहिए। मलिक ने कहा, पता नहीं क्यों ये लोग राज्य का दर्जा वापस नहीं कर रहे। मेरी बात हुई थी। मैंने कहा था कि राज्य का दर्जा वापस करना चाहिए। मुझसे कहा गया क कह तो दिया है, करने की क्या जरूरत है। चल तो रहा है सब ठीक। लेकिन कहां सब ठीक चल रहा है। आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं। आतंकी सक्रिय हो गए हैं। राजौरी में रोज कुछ न कुछ होता है। पुलवामा हमले को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा, पुलवामा हमले को लेकर मैं ये तो नहीं कहूंगा कि इन्होंने कराया, लेकिन मैं ये जरूर कहूंगा कि इन्होंने इसे नजरअंदाज किया और उसका राजनीतिक इस्तेमाल किया है। इनके बयान हैं कि जब वोट देने जाओ, तो पुलवामा की शहादत याद रखना है। वहीं, राहुल गांधी ने कहा, जब हवाई अड्डे पर शहीदों के पार्थिव शरीर लाए गए, तो मुझे कमरे में बंद कर दिया गया। मैं लड़कर वहां से निकला।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्य ने कहा, प्रधानमंत्री को श्रीनगर जाना चाहिए था। (रक्षा मंत्री) राजनाथ सिंह वहां आए थे। मैं वहां था। हमने श्रद्धांजलि दी। जिस दिन ये हुआ , ये (पीएम मोदी) नेशनल कॉर्बेट में शूटिंग कर रहे ते। तो मैंने इनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन बता नहीं हुई। पांच-छह बजे उनका फोन कॉल आया, क्या हुआ? मैंने घटना के बारे में बताया। मैंने कहा, हमारी गलती से इतने लोग मर गए हैं। तो उन्होंने मुझसे कहा, आपको कुछ नहीं बोलना है। इसके बाद मेरे पास (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत) डोभाल का फोन आया, उन्होंने कहा कि आपको कुछ नहीं बोलना है। मैंने कहा ठीक है। मलिक ने कहा, इस मामले की जांच करानी होगी, शायद उस पर कुछ असर होगा। उसमें कुछ भी नहीं हुआ, न ही होना है।

उन्होंने आगे कहा, सीआरपीएफ ने गृहमंत्रालय से पांच विमान मांगे थे। चार महीने तक आवेदन गृह मंत्रालय के पास रहा। बाद उन्होंने इसे खारिज कर दिया। ये चार महीने तक लटकाए रहे। अगर मेरे पस आता, तो मैं कुछ करता। ये इनपुट था कि हमला हो सकता है। जो विस्फोटक से भरी गाड़ी टकराई थी, वह दस दिन से घूम रही थी।

### मिलजुल कर रहेंगे तभी चल पाएगा देश

**बातचीत** के दौरान राहुल गांधी ने कहा, भारत की राजनीति में दो विचारधाराओं की लड़ाई है, एक गांधीवादी और दूसरी आरएसएस की। दोनों हिंदुत्व के दृष्टिकोण हैं। एक अहिंसा और भाईचारे की विचारधारा है। दूसरी नफरत और हिंसा की। इस बारे में आपका क्या कहना है? इस पर मलिक ने कहा, मेरा सोचना है कि हिंदुस्तान देश के दौर पर तभी चलेगा, जब उदार हिंदुत्व के रास्ते पर चलेगा। यह गांधी का दृष्टिकोण था। वे गांव-गांव गए थे। तब इस दृष्टिकोण पर पहुंचे थे। अगर इसी विचारधारा पर देश चलेगा, तभी चल पाएगा, नहीं तो टुकड़े हो जाएगा। हमें मिल-जुल कर बिना लड़ाई-झगड़े के रहना होगा।

उन्होंने आगे कहा, मेरी राय है कि अपने लोगों में (महात्मा) गांधी और का कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रसारित हो। लोगों को पता चले कि उनसे कितना अलग हैं। भारत में कोई भी व्यक्ति राजनीति में सक्रि है, वह अपने तक सक्रिय है, वह देश के बारे में नहीं सोचता। देश के बारे में राय नहीं बनाता। उसको प्रसारित नहीं करता। मलिक ने कहा, एक अच्छी बात यह है कि लोगों ने टीवी देखना बंद कर दिया है। हमारे पास अब सोशल मीडिया है। लेकिन ये लोग उस पर भी लगाम लगाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, मेरे यूट्यूब को अकाउंट को दबा रखा है।

इस दौरान राहुल गांधी कहते हैं।

# विश्वविद्यालयों में भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी अमल को लेकर चलेगा अभियान

**नई दिल्ली**
**स्कूलों** के साथ ही अब विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी अमल को लेकर एक बड़ा अभियान चलेगा, जिसकी अगुवाई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) करेगा, जिसका खाका तैयार कर लिया गया है। इसमें देशभर के सभी विश्वविद्यालयों को छह जोनों में बांट कर इसके अमल को लेकर व्यापक चर्चा होगी।

**विवि के कुलपति भी लेंगे हिस्साः**



इस चर्चा में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति हिस्सा लेंगे, जो संस्थान की ओर से नीति के अमल को लेकर तैयार किए रोडमैप को सामने रखेंगे। विश्वविद्यालयों के साथ नीति के अमल को लेकर चर्चा की शुरूआत 26 अक्टूबर से पश्चिम जोन के विश्वविद्यालयों के साथ बैठक से होगी, इसमें केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ ही।

### आईपीसी-सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम से

**नई दिल्ली**
**संसदीय** स्थायी समिति में विपक्षी सांसदों ने गृह मामलों के तीन विधेयकों पर मसौदा रिपोर्ट को अपनाने में जल्दबाजी पर सवाल उठाया है। विपक्षी सांसदों ने आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए विधेयकों पर मसौदा रिपोर्ट को अपनाने में जल्दबाजी पर सवाल खड़े किए गए। समिति भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयकों की जांच कर रही है। जिसने एक नोटिस के

# मणिपुर में अवैध अप्रवासी स्वीकार नहीं: सीएम बीरेन



**इंफाल**
**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में अवैध अप्रवासियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मणिपुर पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि सोमवार को चूड़ाचांदपुर से म्यांमार के उग्रवादी संगठन चिन कुकी लिबरेशन आर्मी (सीकेएलए) के दो सदस्यों की गिरफ्तारी से राज्य की जातीय हिंसा में बाहरी समूहों की भागीदारी की बात सामने आई है। गत मई की शुरूआत में भड़की जातीय हिंसा में 180 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। सीएम बीरेन सिंह इंफाल पूर्वी जिले के एंड्रो में तीन परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पारंपरिक और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 34 समुदायों के बीच पुराने संबंध कायम रखने के लिए आपका समर्थन चाहता हूं।

**हमारा मामला केंद्र सरकार ने उठाया हैः** उन्होंने कहा कि 34 स्वदेशी समुदायों के लोगों के घर वाला राज्य का मोइरांग का जातीय पार्क लोगों के बीच भावनात्मक संबंधों का प्रमाण है। साथ ही कहा कि हमारा मामला केंद्र सरकार ने उठाया है।

एनआईए ने भी स्पष्ट किया कि मणिपुर में मामला न तो अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक और न ही हिंदू और ईसाइयों के बीच का है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि यह मणिपुर के संगठनों के साथ मिलकर म्यांमार और बांग्लादेश के आतंकी समूहों द्वारा देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का मामला है। सीकेएलए के दो सदस्यों की गिरफ्तारी से भी यह बात स्पष्ट हो चुकी है।

# प्रियंका गांधी उन मुद्दों को उठा रहीं, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं'; हरदीप पुरी ने ली चुटकी

**नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी उस खबर को जानबूझकर उठा रही है जिसे पहले ही सार्वजनिक रूप से फर्जी घोषित कर दिया गया था। वे इसे उठाकर समस्या पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। वह ऐसी चीज को उछालने की कोशिश कर रही है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। यहां तक कि वह खबर ही फर्जी है। मैं मानता हूं कि चुनाव आयोग इस पर गंभीरता से गौर करेगा और मामले पर ठोस कदम उठाएगा। नोटिस जारी करना या एफआईआर दर्ज करना ये निर्णय चुनाव आयोग का काम है। प्रियंका गांधी राजस्थान के आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार के लिए झुंझुनू पहुंचीं। उन्होंने यहां केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। अपने संबोधन के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा, आज 45 सालों में देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

## इंडिया की जगह भारत की सिफारिश पर डीके शिवकुमार ने खोला मोर्चा

# 'एनसीईआरटी को एनडीए सरकार ने मजबूर किया'

**बेंगलूरू**
**विपक्ष** की ओर से अपने साझा गठबंधन को इंडिया नाम दिए जाने के बाद से इस पर राजनीति जारी है। इस बीच, एनसीईआरटी समिति द्वारा किताबों में 'इंडिया' को बदलकर 'भारत' करने की सिफारिश के बाद एक बार फिर इसे लेकर सियासत तेज हो गई है। इस मामले में विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। अब कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया



है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस सरकार के साथ कुछ गलत हुआ है। वे भारतीयों के दिमाग को भ्रमित क्यों कर रहे हैं? उन्होंने जो भी रुख अपनाया है वह पूरी तरह से जनविरोधी और भारत विरोधी है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विसेज क्यों कह रहे हैं? हमारे पासपोर्ट में रिपब्लिक ऑफ इंडिया है... मुझे लगता है कि इस सरकार के साथ कुछ गलत हुआ है वे भारतीयों के दिमाग को भ्रमित क्यों कर रहे हैं? उन्होंने जो भी रुख अपनाया है वह पूरी तरह से जनविरोधी है, इंडिया विरोधी, भारत विरोधी है. मैं आपको बता रहा हूं कि उन्हें (एनसीईआरटी) एनडीए सरकार द्वारा मजबूर किया गया है। ये बिल्कुल गलत है।

## देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं शिक्षक, शिक्षकों को टैबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास के शुभारंभ, वंडर बॉक्स व दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण समारोह में बोले सीएम

# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त व समर्थ होगा राष्ट्र : सीएम

**गोरखपुर**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी राष्ट्र को सशक्त बनना है तो उसे समर्थ बनना पड़ेगा। और, समर्थ बनने के लिए वहां की शिक्षा की संस्कारयुक्त बनाना पड़ेगा। शिक्षा ही हर व्यक्ति के भीतर आत्म अनुशासन की भावना पैदा करने, राष्ट्र के मुद्दों से जुड़ाव व समपर्ण का भाव पैदा करने का सशक्त माध्यम है। सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर मंडल (देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर व महराजगंज जनपद) के 1086 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास एवं



64ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन) लैब्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 14360 शिक्षकों को टैबलेट, 3780 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स तथा 1207 दिव्यांग बच्चों को 1980 सहायक उपकरणों के वितरण का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अनुरूप ही व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का चरित्र होगा। सशक्त राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद शिक्षकों के परिश्रम व पुरुषार्थ पर टिकी है। शिक्षक ही तेजी से देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं। गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, संदीपनी, चाणक्य जैसे आदर्श गुरुजनो का उल्लेख करते हुए।

# 2047 के विकसित भारत का रोडमैप बनाने में जुटा नीति आयोग

**नई दिल्ली**
**वर्ष** 2047 तक विकसित भारत के निर्माण को लेकर सरकार पूरी योजना के साथ आगे बढ़ने जा रही है। विकसित भारत के रोडमैप को तैयार करने की जिम्मेदारी नीति आयोग को दी गई है, जिस पर काम चल रहा है और राज्यों के साथ सभी स्टेकहोल्डर्स से भी गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है।

**अंतरिम बजट में मिल सकती है विकसित भारत की झलकः** अगले साल फरवरी में पेश होने वाले




अंतरिम बजट में विकसित भारत के रोडमैप की झलक मिल सकती है। रोडमैप के कई सुझावों पर अमल के लिए उसकी घोषणा बजट में हो सकती है। अभी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.6 ट्रिलियन डालर से अधिक का है ।

# बाबूगंज के ऐतिहासिक मेले में मनमोहक चौकियां रही आकर्षण का केंद्र



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** बाबूगंज के ऐतिहासिक दशहरा मेले में सोमवार को निकली आकषर्क चौकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दशहरे मेले का आंनद लेने के लिए दूर दराज के क्षेत्र से दर्शक मेले में पहुंचे जिससे मेले में जबरदस्त भीड़ जमा हो गई। पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों से अंदर की तरफ बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया जिससे मेले में वाहनों का प्रवेश न होने से दर्शकों ने घूम टहल कर मेले का जमकर लुत्फ उठाया। मेले में विभिन्न चौकी समितियों ने दर्शकों के बीच अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र शक्ति मंडल चौकी समिति, सिद्धविनायक चौकी समिति के साथ ही अन्य चौकियों ने मेलार्थियों के साथ ही विभिन्न रोशनी दल कमेटियों के समक्ष अपना जोरदार प्रदर्शन किया। राधा कृष्ण के गीत तुम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो तथा कभी आना तुम श्याम मेरी गली गाने पर नृत्य कर रहे कलाकारों के साथ सभी झूम उठे। वही होली खेले मशाने पर,व काली कलकत्ते वाली के गीत के साथ ही शिव तांडव पर दर्शक भावविभोर हो गए। गदा लिए हनुमान जी ने गीत जलाई-जलाई- जलाई मैंने ही लंका जलाई पर नृत्य किया तो मेला जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो उठा। आकर्षक चौकियों को देखने के लिए देर रात तक मेले में दर्शकों की भीड़ जुटी रही। रोशनी कमेटी ने सभी चौकी समितियों को दमदार प्रदर्शन पर पुरस्कृत किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए फूलपुर इंस्पेक्टर व इफको चौकी इंचार्ज मय फोर्स मेले का भ्रमण करते रहे। मेले के आयोजक मंडल में राजकुमार मोदनवाल, संरक्षक अशोक कुमार केसरवानी, मेला कमेटी के प्रबंधक विजयपाल, अशोक चौधरी,विजय चंद्र विश्वकर्मा, नीरज जायसवाल, सुरेश केसरवानी, डा० राकेश केसरवानी, सुरेश जायसवाल, दिनेश कुमार दूबे, सूरज शुक्ला, राकेश रमन पांडेय, दीपक जायसवाल,अजय कुमार गुप्ता, गौरव जयसवाल मनीष केसरवानी, नीरज ने मेले में आए सभी दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मांडा खास काली मां चौराहे पर इक्कीस फीट का रावण दहन, जय श्री राम के नारेबाजी से गुजायमान



**मांडा।** दशहरा पर्व बुराइयों को भूलकर आपसी सौहार्द बनाने व बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरी की सभी बुराइयों को भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। और भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर माता सीता को उसकी कैद से मुक्त कराया था। पर्व को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोगों ने अपने शस्त्रों का भी पूजन किया। जिसके बाद सभी ने दशहरा के पर्व पर जय श्री राम का नारा लगाते हैं वही स्थानीय लोगों ने बुराई भुलाकर अपने मित्रों को गले लगाकर बधाई दी। मांडा खास काली माँ के चौराहे पर निकली गयी राम रावण की आकर्षण झांकियों ने स्थानीय लोगो का मन मोह लिया लोगों ने बताया कि मांडा खास में पारंपरिक तरीके से मेले का आयोजन कर 21फिट रावण के पुतले का दहन किया गया जिसमे क्षेत्रीय लोगों ने विजयदशमी के पर्व का जमकर लुप्त उठाया वही श्री राम व रावण के बृहद संवाद से पुरस्कृत भी किये गए।

## धमूधाम से मनाया गया विजय दशमी का त्योहार



**जसरा।** विकास खंड के जसरा बाजार में दस दिन से हो रहे रामलीला मंचन के उपरांत मंगलवार को विजय दशमी दशहरा का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।दोपहर बाद जसरा पुरानी बाजार रामलीला नाट्य समिति व जसरा लाइनपार से श्री ईश्वरदीन छेदीलाल रामलीला कमेटी द्वारा श्रीराम के भव्य रथ को निकाल कर असत्य पर सत्य की विजय पताका फहराया गया। जसरा बाजार में दोनों रामलीला कमेटी की ओर से श्रीराम जी की झांकी निकाली गई। पूरे बाजार में भीड़ को ब्यवस्था रखने के लिए भारी पुलिस बल की ब्यवस्था की गई थी। मन मोहक चौकियों को देखने के लिए क्षेत्र के दौर दराज गांवों से लोग आकर मेरे का आनंद उठा रहे थे। जसरा पुरानी बाजार रामलीला कमेटी के आयोजक रतन केसरवानी व श्री ईश्वरदीन छेदीलाल धार्मिक प्रतिष्ठान के आयोजक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त द्वारा क्षेत्र के लोगों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया।विजय दशमी पर बालि सुग्रीव की अद्भुत झांकी,शबरी का राम से मिलन,ताड़का वध, जालंधर वध सहित दर्जनों झांकियों ने लोगों को आह्लादित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा० अजय कुमार,राजू केसरवानी, राजेश जायसवाल, अरुण केसरवानी, राजाबाबू पाठक, हरीराम त्रिपाठी, डा०बीरेन्द्र शास्त्री, डायरेक्टर अनिल मिश्रा, मनोज केसरवानी, बिल्लू बादशाह, सुरेंद्र केसरवानी सोनू, शम्भू नाथ खरे, मंडल अध्यक्ष जगतनारायण शुक्ला, जयशंकर मिश्र, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक,अमृतेश केसरवानी, श्यामाकांत मिश्रा,शत्रुघ्न केसरवानी, दिनेश त्रिपाठी आदि रहे।


## न्यूज झरोखा

### केशरी द्वारा खाने की सामग्री वितरित करने पर मछली की भाती जुटी भीड़



**मांडा।** भारतगंज बाजार के रामदास केशरी ने मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित के लिए ले जा रहे भक्तों को निः शुल्क नमकीन पाउच, बिस्कुट, मिष्ठान आदि खाने की सामग्री वितरित किया। उनके द्वारा वितरित किए जाने का नजारा आकर्षण युक्त रहा जैसे की तालाबों में उपस्थित मछलियों को चारा देकर देखने लायक नाराज और आकर्षण रहा करता है ठीक उसी तरह एक दूसरे पर खाने की सामग्री को पाने के लिए टूटते नजर आए बच्चों के साथ महिलाएं।

### रोजगार सेवक का निधन, शोक



**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत धरावनारा ग्राम पंचायत में कार्यरत रोजगार सेवक मिथिलेश कुमार यादव उम्र (35) की बीमारी के दौरान निधन हो गया। घटना की सुचना मिलते ही ब्लाक कर्मचारियों एवं रोजगार सेवकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि धरावनारा निवासी चिन्तामणि यादव का 35 वर्षीय बेटा मिथिलेश कुमार यादव की मंगलवार रात लगभग साढ़े बारह बजे तबीयत खराब होने पर प्राथमिक इलाज के बाद पीजीआई लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर परिजनों के साथ रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत रहने पर उनके साथियों ने गहरा शोक जताया। वही मृतक मिथिलेश अपने चार भाइयों में सबसे बड़े व दो बच्चों के पिता हैं। वह अपने पीछे छोटे तीन भाइयों के साथ पत्नी संगीता देवी बेटी दीप शिखा, बेटा निश्चिंत कुमार को छोड़ गए। परिजनों के साथ पत्नी सहित बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मिथिलेश कुमार यादव का दाहसंस्कार बुधवार को डेंगूरपुर गंगा घाट पर किया गया।

### दुर्गापूजा के उपरांत भंडारे का हुआ आयोजन



**जसरा।** दुर्गा पूजनोपरांत एकादशी दिन बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा में इक्यावन कन्याओं का धमार्चार्य पंडित जय मिश्र ने पाद प्रक्षालन कराकर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नेत्र नारायण मिश्र,रवीन्द्र सिंह, अनिल शुक्ला, ज्ञानेन्द्र पंडित,रवी शुक्ला, अम्बुज मिश्रा, विनीत द्विवेदी,दीपू पाठक,सौरभ पंडित,शनि शुक्ला,अभय मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### श्रीराम जानकी मंदिर जंघई से भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरा अनुसार डीजे ढोल नगाड़ों गाजे बाजे के साथ 18 दिवसीय रामलीला के उपरांत श्रीराम जानकी मंदिर जंघई कुटी प्रांगण से भरत मिलाप के पर्व पर भव्य शोभायात्रा पूरे जंघई बाजार में निकली। मंदिर के महंत चंद्रमा दास महाराज द्वारा भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान के स्वरुप को माल्यार्पण एवं आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सानिध्यता राम- आदित्य, लक्ष्मण- उत्कर्ष, सीता - गणेश, भरत- राजा, शत्रुघ्न- आदर्श, हनुमान - शिखर यादव, संदीप तिवारी, शीतला पाठक, संदीप पांडेय, अंबुज, लोलारख यादव, राजू सिंह भाई साहब, सभाजीत पांडेय, दीनानाथ मिश्र, अनिल मिश्र, मनोज मौर्य, विक्की जायसवाल, अजय पांडेय, रत्नेश पांडेय, मोनू पांडेय, संजय पांडेय, सुभाष जायसवाल, अनिल दुबे, राजू दुबे, धीरज मिश्रा, गुलाब गुप्ता,कन्हैया उमरवैश्य सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

### भाजपा नेता का कोराव में कार्यक्रम



**कोरांव।** कोरांव बाजार में आयोजित ऐतिहासिक मेले में भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी तथा सेंट्रल एके-डमी ग्रुप ऑफ स्कूल्स, भारत के वीसी चेयरमैन डॉ. संगम मिश्र के द्वारा 12 हजार से अधिक लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेंट्रल एकेडमी ग्रुप ऑफ स्कूल्स भारतवर्ष के डायरेक्टर एस.के. तिवारी, शंकर देव त्रिपाठी एडवोकेट, गोपाल जी पूर्व चेयरमैन, मुकेश कोल ब्लॉक प्रमुख, कोहड़ार मंडल उपाध्यक्ष भाजपा अमरेश मिश्र, राजेंद्र सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन, राजेश शुक्ल कोषाध्यक्ष बार एसोसिएशन कोरांव, अवधेश कुमार जायसवाल, रवि प्रसाद केसरवानी, पन्ना लाल केशरवानी, अमर सराफ, राहुल बरनवाल,राम जी केसरी, विवेक मिश्रा, भोले दुबे, धीरज , अंकुर, विजय प्रकाश व आदि बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नम आंखों से श्रद्धालुओं ने किया मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

**फूलपुर।** मैहर वाली मैइया कर दो सहैय्याः भक्त खड़ा है तेरे द्वार, उपकार करो मां। नौ दिन शारदीय नवरात्र में माता रानी के नौ रूपों की पूजा अर्चना गांव-गांव में महिलाओं ने बड़े श्रद्धा पूर्ण ढंग से किया। दसवीं को डीजे तथा बाजे के साथ नाचते गाते भक्तजन तथा महिलाएं व बच्चे प्रतिमा विसर्जन हेतु करीब के सरोवरों में पहुंचे और विधि विधान से प्रतिमा विसर्जित नम आंखों से किया। फूलपुर के नेहरू बाजार, बानगी बाजार, दुनियागंज तथा ग्रामीण क्षेत्र के बाबूगंज, अतरौरा, कुतुबपुर,मैलवना, कोनार,वीरकाजी,बरना बाजार आदि स्थानों से देवी मां की प्रतिमाएं श्रद्धालु नाचते गाते अपने करीबी तालाबों तक ले जाकर विसर्जित किये। बता दे कि प्रशासन ने कई वर्षों से अन्दावा के पास विसर्जन हेतु मनाही कर दी है। जिससे करीब के ही पानी से भरे तालाब में विसर्जन किया जाता है।

### गाजे बाजे के साथ बड़े ही धूमधाम से माता का किया गया विसर्जन

**जारी।** नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद गाजे-बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन से शुरू हुई प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला मंगलवार पूरे दिन तक चलता रहा। प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाल कर सड़वा में विसर्जित किया गया। जगह-जगह मां जगदम्बा की आरती उतारी गई। और इस दौरान काली माता के मंदिर में बड़े हनुमान जी का मंदिर में कई स्थानों पर भव्य भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। यात्रा के दौरान भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। आगे-आगे अबीर-गुलाल उड़ाते डीजे की धुनों पर थिरकती युवाओं की टीम चल रही थी तो पीछे-पीछे जय माता दी के जयकारों के साथ प्रतिमाएं निकल रही थीं। विसर्जन जुलूस में पंडित मुकेश शुक्ला रामगोपाल बंटी ,शैलेंद्र कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, पंडित मुकेश शुक्ला, सुधीर कुमार साहू, शोभित अग्रहरि, संतोष गुप्ता, राकेश अग्रहरी, जगदीश,मनीष अशोक सोनी , नितेश, , शरद गुप्ता, , आदि बड़ी संख्या में महिलाएं विसर्जन में मौजूद रही।

### नाम आंखों से हुई मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**मेजा।** शारदीय नवरात्रि की समाप्ति के बाद मंगलवार के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा महोत्सव समिति की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। तथा विभिन्न मार्गो से होकर भवानी पर गर्म पंचायत के देवरी स्थित गुलरिया बांध तक पहुंची। जहां मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान संबंधित समिति के सदस्यों व महिलाओं द्वारा मां का जयकारा लगाते हुए नम आंखों से विदा किया गया। इस मौके पर निकले जुलूस गांव से होते हुए गाजे-बाजे, गुलाल उड़ाते, नाचते झूमते बाजार से होते हुए बांध तक पहुंचे। जिसमें मेजा खास से 15 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल रहे।गुलरिया बांध में एक आंकड़ा के मुताबिक मंगलवार को सैकड़ों प्रतिमाएं विसर्जित की गई। शेष बुधवार को विसर्जित की जायेगी। इस शोभायात्रा में मां दुर्गा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। उपनिरीक्षक गोविंद के नेतृत्व में जगह जगह पुलिस गार्ड तैनात किए गये थे,जिससे शोभा यात्रा के दौरान लोगों को कोई भी परेशानी नहीं हुई। जिसके उपरांत मां दुर्गा की प्रतिमा शांति पूर्वक विसर्जन किया गया। विसर्जन में हजारों की संख्या में गांव, बाजार के लोग शामिल रहे।

## मानदेय एवं पुरानी पेंशन के लिए मैं संघर्ष करता रहूंगा : लाल बिहारी यादव



**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रयागराज ननकेश बाबू के नेतृत्व में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक विधायक माननीय लाल बिहारी यादव का नगर में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सीता शरण सिंह , मण्डल अध्यक्ष अभय राज यादव ,जयप्रकाश, सर्वेश कुमार सहित जनपद के पदाधिकारियो ने माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय पर स्वागत किया। लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेशभर के शिक्षक एवं कर्मचारियों का हित समाजवादी पार्टी में निहीत है। धरतीपुत्र मुलायम सिंहने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए जो कार्य किया आज तक किसी राजनेता ने नहीं किया। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने के मुद्दे पर सरकार मौन धारण किए हुए हैं। गत शीतकालीन सत्र में मेरे द्वारा विधान परिषद में शिक्षकों के मानदेय एवं पेंशन से संबंधित मुद्दा उठाए जाने पर सरकार ने आज तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया।

### क्षत्रिय समाज सर्व समाज का हितैषी और रक्षक रहा है : डॉ.वीके सिंह



**हनुमामगंज।** विजयदशमी पर्व पर बीकापुर सृष्टि गार्डेन में अखिल भारतीय महाराणा प्रताप संस्थान द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जनपद के सभी विशिष्ट क्षत्रिय परिवार के प्रमुख लोग शामिल होकर एकता का परिचय दिया एवं हजारों क्षत्रिय परिवार के लोगों ने शस्त्र पूजन किया और संस्था के संस्थापक स्व. महेश नरायन सिंह को याद दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह ने कहा कि छत्रिय समाज हमेशा से सर्व समाज का हितैषी और रक्षक रहा है। डॉ. घनश्याम सिंह ने कहा कि हमारे पूवाजी ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सीमाओं की रक्षा की है। पूर्व आईजी केपी ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को भगवान राम, राणाप्रताप से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चल कर अपने आदर्शो का पालन करे। पूर्व विधायक प्रशांत सिंह ने कहा कि क्षत्रियों के अंदर कोई भेदभाव नहीं होती है। संस्था के संरक्षक हरिनारायण सिंह आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था की ओर से जल्द एक भवन निर्माण किया जाएगा जिसको गरीब क्षत्रिय परिवार की बेटियो के विवाह के लिए समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. देवराज सिंह, बीडी सिंह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, अनुग्रह नारायण सिंह पूर्व विधायक, ब्लाक प्रमुख पप्पू सिंह छतहरा, अशोक कुमार सिंह हाई कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष, पूर्व प्रमुख राजकुमार सिंह रिंकू, प्रधान राजेश सिंह, जयराम सिंह, भूपेंद्र सिंह पिंटू, अंकुर सिंह, प्रेम शंकर सिंह, संजय सिंह, केबी सिंह, जीतू गहरवार आदि रहे।

### नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित, सूने हुए पांडाल



**मांडा।** पांडालों में विराजमान देवी प्रतिमाओं को बुधवार के दिन नम आंखों से तालाबों में विसर्जित किया गया। वहीं मांडा क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ मां दुर्गा की प्रतिमाए स्थापित किया गया था जिनका बड़े धूमधाम से डीजे बाजे के साथ हजारों लोगों की संख्या में पहुंचकर बंगलिया पहाड़ी के चिन्हित तालाब में विसर्जित किया गया। तालाबों में विसर्जित करने के लिए पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही। मां के जयकारों के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हुए बैनर के साथ हिन्दू राष्ट्र घोषित करें की शोभायात्रा निकाल कर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मातारानी को डीजे बाजे की धुन में थिरकते हुए विदाई दी। मांडा क्षेत्र के अधिकांश देवी प्रतिमाएं बँगलिया पहड़ी पर चिंहित तालाबों में विसर्जित की गईं। मांडा क्षेत्र के भारतगंज,नहवाई, चिलबिला, आदि प्रमुख पंडालो में सजे मां भवानी के दरबार को

### लेटे हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरि का भव्य स्वागत



**मेजा।** प्रयागराज के संगम तट पर विराजमान लेटे बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरि का मेजारोड बाजार में स्वागत किया गया। हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरि मंगलवार को मेजा के बसहरा गांव में मुन्नू यादव के पेट्रोल पम्प का उद्घाटन करने गये थे। प्रयागराज वापसी के दौरान मेजारोड में महंत के अनन्य भक्त सोरांव गांव निवासी अंकित शुक्ला के नेतृत्व में महंत का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान महंत बलवीर गिरि ने मौजूद लोगों का कुशलक्षेम पूछते हुए बुराई पर अच्छाई एवं अत्याचार पर सदाचार की जीत दशहरा पर्व की बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। उसके बाद उनका काफिला प्रयागराज की ओर निकल गया। स्वागत के दौरान संजय शुक्ला नेता,पिंकू शुक्ला,राजू शुक्ला,नारायण शुक्ला, विवेक शुक्ला,आकाश परसिया,आदर्श द्विवेदी,शिवम तिवारी , धर्मेंद्र शुक्ला (बबऊ) नितेश शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### मऊआइमा में दुर्गा प्रतिमाओं, मूर्तियों का हुआ विसर्जन

**मऊआइमा।** मऊआइमा में नवरात्रि के खत्म होने पर नवमी के दिन से ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बड़ी संख्या में बुधवार तक जारी रहा। मऊआइमा क्षेत्र के हरखपुर शारदा सहायक नहर में उमरिया बादल, बभन पुर, जोगीपुर,और सुलेम पुर ,हरखपुर तथा आस पास के दर्जनों गांवों कि दुर्गा प्रतिमाओं का नहर के पुल के पास से नीचे उतर कर मूर्ति विसर्जित किया गया। बताया गया है कि लगभग डेढ सौ मूर्तियों का विसर्जन हुआ।जिसमें मऊआईमा की पुलिस मौके पर पहुंच कर व्यवस्था देखी, जिसमें उपनिरीक्षक दिनेश यादव , सच्चिदानंद अपने सिपाहियों के साथ मौके पर व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। शारदा सहायक नहर में पानी बहुत कम था जहां नहर में गड्ढा था वहीं पानी दिख रहा था जिससे लोगों को काफी परेशानी भी हुई।

# पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** दुर्गा पूजा पंडालो में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा का विजयदशमी के दिन विसर्जन किया गया। लोगों ने पहले विधि विधान से माँ की पूजा अर्चना कर नैवेद्य चढ़ा कर छप्पन भोग लगाकर आरती उतार कर आशीष लिया। इसके बाद ढोल, नगाड़ों व डीजे पर बज रहे भक्ति धुन पर थिरकते अबीर, गुरलाल उड़ते हुए अम्बे माता का जयकारा लगाते मां दुर्गा की प्रतिमा का नम आँखों से विसर्जन किया। अंदावा तालाब में शहर से लेकर गांव तक कि सैकड़ो मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन में भारी तादात में महिलाएं बच्चे भी शामिल थे। विसर्जन में सहूलियत के लिए तीन जेटी बनाई गई थी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यावस्थाबके बीच विसर्जन कराया जा रहा था। नगर निगम कर्मी साफसफाई में लगे थे फूल माला के साथ क्रेन से तालाब में विसर्जित मूर्तियों को बाहर निकाल कर हटाया जा रहा था। नाव से भी मूर्तिया हटाई जा रही थी। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती, थाना अध्यक्ष सरायइनायत आशीष कुमार, थाना अध्यक्ष झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह के साथ ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था में लगे रहे। बुधवार को भी सुबह से ही मूर्ति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा मूर्ति विसर्जन के लिए वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। भक्तो ने विसर्जन के दौरान भी हाथ जोड़कर मा दुर्गा से धनधान्य की कामना की।

## नौ दिनों तक माता का पूजा आराधना के बाद किया गया मूर्ति का विसर्जन

**सहसों।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के नौ दिन तक अलग-अलग रूपों में माता रानी की मूर्ति स्थापित कर भक्तों ने पूजन, अर्चन, वंदन, उपासना, आराधना विधि विधान से किया। भक्तों द्वारा घरों में, मंदिरों में एवं पूजा पंडालों में आचार्य विद्वान से वैदिक मंत्रों के साथ माता का पाठ, धूप, दीप, पूजन, अर्चन, स्तुति के पश्चात यज्ञ कुंड में सभी देवी देवताओं का आवाहन करते हुए भक्तों ने आहुतियां डालीं तथा महा आरती करते हुए माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किए। नवरात्रि के दशवें दिन भक्तों ने माता रानी का गाजे बाजे के साथ महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाते विदाई कर मूर्ति का विसर्जन किया। इस अवसर पर भक्तों द्वारा पूजा पंडालों में माता रानी के प्रसाद के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसी तरह सहसों बाजार सहित सिंगरामऊ, मीरापुर, भोपतपुर, रामनाथ पट्टी, ललचहां, बसमहुआ, इनायतपुर एवं चकिया घरहरा सहित आदि गांव में भक्ति नर नारियों ने माता रानी का भाव एवं भव्य रूप से विदाई करते हुए मंगल गीत गाते नृत्य करते विसर्जन यात्रा में शामिल रहे।

## मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल चनेथू, चंपापुर की मां का गाजे बाजे के साथ विसर्जन

**जंघई।** मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल साईं वाटिका चनेथू चंपापुर पंडाल में नवरात्रि में आई मां भवानी के विदाई के समय सामाजिक परंपरा का अनूठा समागम देखते ही बन रहा था। पंडालों में जिस मां का नौ दिनों तक स्वागत और पूजन किया गया उनकी विदाई का दर्द श्रद्धालुओं की आंखों से छलक पड़ा तो। भक्तों द्वारा जय मां दुर्गा के जयकारे से गुंजायमान वातावरण के बीच मां के कान में अपनी मनोकामना पूर्ण करने का संदेश देती महिलाओं का समूह पंडालों को नया रंग दे रहा था। गाजे बाजे ढोल नगाड़ों एवं डीजे के साथ मां का विसर्जन किया गया।इस अवसर पर जितेंद्र दुबे, अजय दुबे, दिलीप दुबे, साहब पांडेय, प्रदीप दुबे नारायण, परमिल दुबे, दीपक दुबे, संकल्पकर्ता प्रवेश दुबे, गौरव तिवारी, अनुज यश दुबे, अनुज पांडेय, अभिषेक दुबे, अनुज दुबे बिग्गू, सिकंदर यादव, शिवम दुबे, सत्यम दुबे रवि दुबे, नितिन दुबे, देवेश दुबे, अंश दुबे सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## पंचायत रोजगार सेवकों का पांच महीने मानदेय नहीं दिया गया

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत रोजगार सेवक जून 23 से उन्हें मानदेय नहीं दिया गया, जिसमें उनके सामने भुखमरी के हालात पैदा हो गया है दिनचर्या और घरेलू खर्च बच्चों की पढ़ाई अन्य खर्चे आदि मजबूरी से गुजर रहे हैं,या साहूकारो से कर्ज लेकर अपनी जिंदगी जीने को मजबूर हो रहे हैं, विकास खंड करछना में अस्सी ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत रोजगार सेवकों का मानदेय की समय पर अनदेखी करने वाले सक्षम अधिकारियों के प्रति रोजगार सेवकों ने आक्रश व्यक्त करते हुए सोमवार को खंड विकास अधिकारी करछना धीरेश गुप्ता को एक ज्ञापन देकर अविलंब दीपावली जैसे पर्व के पूर्व समस्त रोजगार सेवकों का मानदेय दिए जाने को लेकर रोजगार सेवक संघ करछना ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में सभी पंचायत रोजगार सेवकों ने ज्ञापन देकर मानदेय दिए जाने की मांग की है।

# पर्यावरण के लिए लाभदायक है फ्लाई ऐश ईंट : राजमणि कोल

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** फ्लाई ऐश ईंट पर्यावरण के लिए लाभदायक है। लाल ईंट हमारी उपजाऊ मिट्टी से बनती है। जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ता है। हमारी उपजाऊ जमीन बंजर बनती है यह बातें बनती है। यह बातें भाजपा विधायक राजमणि कोल ने पचवंह गांव में बेलन नदी के तट पर फ्लाई ऐश ईंट उद्योग का मंत्रोचार के साथ पूजन कर उद्घाटन करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि सरकार भी फ्लाई ऐश ईंट को बढ़ावा देने का काम कर रही है। ऐसे में लोग इस ईंट का उपयोग कर पर्यावरण पर पड़ रहे प्रतिकूल असर एवं अपनी उपजाऊ जमीनों को बंजर होने से बचा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष यमुनापार शिवदत्त पटेल ने उपस्थित लोगों से फ्लाई ऐश ईंट का प्रयोग करने की अपील की। भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह ने भी उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं लोगों से लाल ईंट के जगह फ्लाई ऐश ईंट का उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वी पी एस फ्लाई ऐश ईंट उद्योग की निदेशिका वंदना सिंह ने ईंट की उपयोगिता तथा लाभ एवं पर्यावरण पर पड़ रहे प्रतिकूल असर को किस तरह से कम किया जा सकता है आदि के बारे में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं लोगों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ऋतुराज सिंह, शिव वृद्धा फाउंडेशन के डायरेक्टर संजय भाई पटेल, शेषमणि सिंह, ग्राम प्रधान लालता प्रसाद पटेल, ग्राम प्रधान राजेश शुक्ल, ग्राम प्रधान भोलानाथ कनौजिया समेत कई ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अवकाश प्राप्त शिक्षक मोतीलाल सिंह ने किया।

# नैनी मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रशासन के साथ तैनात रही एसपीओ टीम

## एसपीओ टीम के एलाउंसर इकरामुल्लाह के तरफ से टीम के सदस्यों को शर्ट वितरण किया गया

**अखंड भारत संदेश**





**नैनी।** नैनी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन मंगलवार की सुबह से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत महुवारी तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया है। जिसमें क्षेत्र की सभी मूर्तियों का विसर्जन महुवारी तालाब में किया गया। विसर्जन के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र के थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह एवं सड़वा चौकी इंचार्ज चंद्रपाल सिंह अपने हमराहियों के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे। वहीं उपजिला अधिकारी करछना एसीपी करछना के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह के निर्देश पर सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अपने अपने क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान ड्यूटी पर लगे रहे एवं एसपीओ टीम के कुछ सदस्य महुवारी तालाब के पास मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन के साथ सेवा सहयोग में जुटे रहे। एसपीओ टीम की उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य को देखते हुए एसपीओ टीम के एलाउंसर इकरामुल्लाह के तरफ से टीम के सदस्यों को शर्ट वितरण किया गया। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल राम जी जायसवाल समीर खान प्रदीप कुमार तौसीफ खान सोनू भारतीय सुरेन्द्र गुप्ता मो फिरोज शनि देव सिंह संजीव वर्मा अरविंद कुमार आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### जसरा में 27 को लगेगा दिव्यांग मेला

**जसरा।** विकास खंड जसरा में शुक्रवार 27 अक्टूबर को दिव्यांग कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। साथ ही दिव्यांगों के लिए सरकार की ओर से दिए जाने वाले उपकरण भी दर्ज किए जाएंगे। जिसका वितरण बाद में होगा। यह जानकारी बीडीओ जसरा अनीस अहमद ने दिया।

### तीन अलग घटनाओं में मार पीट में कई घायल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई गायाल हुए है। पुलिस ने तीनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सकरामऊ निवासी अनिल कुमार पुत्र संग्राम सिंह का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे और उसके भाई आजाद सिंह को मारे पीटे। अनिल कुमार ने मऊआइमा थाने में गुलशन,रवि,लल्लन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम बराडीह सिकन्दरपुर निवासी पारसनाथ पुत्र जगईराम का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे तथा परिवार के सुनीता,मदन कुमार, दिलीप कुमार को चोटें आयी है। पारसनाथ ने थाने में जगतपाल, विवेक कुमार, रजनीश कुमार, जगतपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शंकरगढ़ में देर शाम भीषण सड़क हादसे में शिक्षक समेत तीन की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी एरिया में बुधवार देर शाम हुए सड़क हादसे में शिक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा झंझरा चौबे के पास स्कूटी और बाइक के आमने-सामने टकराने से हुआ। जिस वक्त दोनों वाहन आपस में टकराए, रफ्तार बहुत ज्यादा थी, इस वजह से किसी को बचाया नहीं जा सका। हादसे की सूचना मिलते ही एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। एसओ ने तीनों के मौत की पुष्टि की है। शवों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के भगदेवा के रहने वाले सुनील द्विवेदी (42) पेशे से शिक्षक थे। बुधवार की शाम साढ़े छह बजे वह बाइक लेकर अपनी पत्नी को रिसीव करने के लिए नारीबारी बार्डर जा रहे थे। इसी दरम्यान हिनौती (झंझरा पांडेय) के पास बाइक सवार सुनील द्विवेदी की सामने से आ रही स्कूटी से आमने-सामने टक्कर हो गई। रफ्तार ज्यादा होने के कारण दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सुनील द्विवेदी के साथ स्कूटी सवार दोनों लोग भी घायल हो गए। स्कूटी सवार अस्मित केसरवानी (21) निवासी पुरानी बाजार, शंकरगढ़ और रोहिणी कुमार (35) निवासी रानीगंज, शंकरगढ़ किसी कार्य से नारीबारी गए थे और वहीं से वापस शंकरगढ़ लौट रहे थे। हादसे की सूचना राहगीरों के जरिए पुलिस तक पहुंची। इसके बाद घायलों को एसआरएन ले जाया गया। सबसे पहले शिक्षक सुनील द्विवेदी एसआरएन पहुंचे, जहां डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया, जबकि बाद में अस्मित और रोहिणी को एसआरएन ले जाया गया, जहां इन दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

हादसे की सूचना मिलते ही तीनों के परिजन रोते-बिलखते एसआरएन पहुंचे। एसओ शंकरगढ़ ने तीनों के मौत की पुष्टि की है। आगे की लिखापढ़ी की जा रही है। बहरहाल, दशहरा के एक दिन बाद हुए इस हादसे से एक साथ तीन घरों में मातम पसर गया है।

**बाइक की टक्कर से 3 माह की बच्ची की मौत माँ घायल :**

**झूंसी।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर त्रिवेणीपुरम गेट झूंसी में बाइक की टक्कर से एक मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसकी माँ को भी छोटे आई। जान से ज्यादा प्यारी मासूम की मौत से घर मे कोहराम मचा है। वही टक्कर मारने वाले बाइक सवार को लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। नीबी कला निवासी पुरषोत्तम यादव ने बताया कि उनकी पत्नी नमिता अपनी 3 माह की बच्ची शुभी को हंडिया निवासी रिस्तेदार के साथ बाइक से हनुमानगंज डॉक्टर को दिखाने गई थी। लौटते वक्त त्रिवेणीपुरम गेट के पास एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसकी वजह से मासूम शुभी अपनी मां की गोद से छिटक कर सड़क पर जा गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की मौत से माँ का रो रो कर बुरा हाल है।

## बुखार से पीड़ित महिला की हुई मौत

**सहसों।** फूलपुर निवासी फूलचंद्र केसरवानी परिवार सहित सहसों गोल चौराहा पर स्थित किराए के कमरे में रहकर अपना छोटा-मोटा व्यवसाय करके परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। तीन दिन पहले उनकी पत्नी राधा केसरवानी 36 वर्ष का तबीयत खराब हुआ वह बुखार से पीड़ित थी। पास के ही निजी चिकित्सालय में भर्ती कराकर इलाज चल रहा था। तबीयत ज्यादा खराब होने पर चिकित्सक ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परंतु प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही बुखार पीड़ित महिला ने दम तोड़ दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महिला की मौत से पति सहित दो बच्चों तथा अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** उतरांव पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है जब पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर न्यायालय के लिए चालान कर दिया। 24 अक्टूबर को तीन बाइक सवारो ने लिलवार नलकूप के पास विसर्जन में शामिल होने जा रहे युवक अवधेश कुमार यादव पर जानलेवा हमला किया था। जिसमें पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस तीनों की तलाश में जुटी हुई थी। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की सक्रियता से लगातार पुलिस टीम तीनों अभियुक्त की तलाश कर रही थी। तभी मुखबिर सूचना हुई तो थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी देर न करते हुए पुलिस टीम के साथ सीएचसी सैदाबाद पहुंच गए तथा बड़ी ही चालाकी के साथ अभियुक्त लवकुश यादव उर्फ लल्ला पुत्र मौजी लाल यादव निवासी दुदेहरी थाना उतराव, सचिन कुमार यादव उर्फ विवेक उर्फ ननका पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी बल्दीया थाना उतराव व शेरा बाबू उर्फ गुड्डु पुत्र राम अवध यादव निवासी भदवा थाना उतराव को गिरफ्तार कर लिया। तीनों अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा,एक कारतूस लिलवार तालाब के किनारे झाड़ियां में बने गड्डे से बरामद किया। पुलिस ने बारामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी कर गिरफ्तार अभियुक्तो का न्यायालय के लिए चालान कर दिया। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लव कुश यादव उर्फ लल्ला जिसके विरुद्ध उतराव थाना समेत हडिया में लगभग एक दर्जन से ज्यादा मुकदमा पंजीकृत है। वहीं थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी द्वारा लगातार ताबड़तोड़ करवाई क्षेत्र में की जा रही है जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक हरिश्चंद शर्मा, महेश चंद्र निषाद,रितेश चंद्र उपाध्याय, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, सिपाही धनजी यादव,राहुल यादव, अखिलेश, राजीव, संजय मौर्य, अमरेश यादव ने बड़ी सक्रियता से अभियुक्त को पकड़ कर जेल की हवा खिला दी।

# 168 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

### प्रयागराज में एसटीएफ ने पकड़ा, लकड़ी के बॉक्स में छिपाकर पटना ले जा रहा था शराब




**प्रयागराज।** स्पेशल टॉस्क फोर्स) ने आज बुधवार को 168 अंग्रेजी शराब के साथ अंतर्राज्यीय स्तर पर शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। इस शराब की अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये बताई जा रही है। अभियुक्त ट्रक के लकड़ी के बॉक्स में शराब छिपाकर पटना की तरफ जा रहा था। लेकिन इसके पहले ही एसटीफ को इसकी भनक लग गई और कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर डोरमा मोड़ के पास ट्रक को रोक लिया। टीम ने जब लकड़ी के बॉक्स को खुलवाया तो उसमें से अवैध से 168 अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक नवेंदु कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक नरेंद्र पुत्र महावीर है जो ग्राम हेतमपुरा, थाना जुई, जनपद भिवानी हरियाणा का रहने वाला है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया ।रळ्ऋके उड नवेंदु सिंह ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त से पता चला कि ह्लअंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाला एक सक्रिय गिरोह है। इस गिरोह का उद्देश्य यह है कि ऐसे राज्यों में यह शराब भेजी जाए जहां पर शराब पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। ऐसे राज्यो में शराब बिक्री के अधिक रुपये मिलते हैं। गिरोह का मुख्य सरगना मनवीर सिंह पुत्र सत्यभान सिंह है जो रायपुर खुद, चंडीगढ़ का रहने वाला है। उसी के कहने पर चंडीगढ़ से बिहार के लिए यह शराब की खेप भेजी जा रही थी।

### गाड़ी का नंबर प्लेट भी गलत लगाया

जांच में पता चला कि जिस वाहन से शराब की तस्करी की जा रही थी उसका नंबर प्लेट भी फर्जी है। इस नंबर प्लेट पर एचआर 61 ए 6871 लिखा गया था जबकि वास्तव में इस गाड़ी का नंबर एचआर 61 ए 6860 है। पुलिस को चकमा देने के उद्देश्य से यह नंबर प्लेट बदल देते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि ह्लसप्लायर मनवीर सिंह की बिहार के स्थानीय तस्करों से वाट्सएप पर सीधे बात होती है इसलिए उसे ज्यादा जानकारी नहीं होती है.. जब मैं शराब लेकर बिहार पहुंचता हूं तो इसकी सूचना सरगना मनवीर को देता हूं, उसके बाद स्थानीय तस्कर आकर शराब ले जाते हैं। मैं शराब लेकर बिहार पहुंचता हूं तो एक चक्कर का मुझे 40 हजार रुपये दिया जाता है।

# फंदे से झूलकर इंजीनियरिंग के छात्र ने दी जान

### प्रधानाचार्य ने किया खुलासा, पुलिस जांच में जुटी



**प्रयागराज।** हंडिया पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डेलीगेसी के छात्र ने अपने कमरे में फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली। दोपहर तक कमरे से बाहर न निकलने पर पड़ोसी छात्रों ने खिड़की से देखा। तब वह पंखे के सहारे रुमाल के फंदे से लटका मिला। घटना से बौखलाए छात्रों द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। कूशीनगर जनपद के परसौनी गांव थाना नेबुआ नौरंगिया निवासी परशुराम गुप्ता का बेटा निखिलकुमार गुप्ता हंडिया पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग में वर्ष 2022 के सत्र में नामांकन कराया था। हंडिया कस्बा स्थित एक लॉज में रहकर वह पढ़ाई करता था। बुधवार को दोपहर अपने बंद कमरे में पंखे के सहारे गले में रुमाल लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फंदे से लटक रहे निखिल को नीचे उतारा। लेकिन उसकी सांसे थम चुकी थी। कुछ ही देर बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हंडिया पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य बृजेशकुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में द्वितीय वर्ष के छात्र के रूप में निखिल द्वारा अभी तक न तो शुल्क जमा किया गया है और न ही नामांकन कराया गया है। मृतक निखिल के चाचा शंभूकुमार गुप्ता ने बताया कि सुबह 10 बजे फोन करके उसने परिजनों से बात की थी। वह दो भाइयों में बड़ा था।

# शिक्षक नेताओं ने किया डीआईओएस का घेराव

**अखंड भारत संदेश**

### उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) ने किया प्रदर्शन, कहा- शिक्षक, कर्मचारियों के पैसे वापस न होने पर शुरू होगा आंदोलन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के बैनरतले आज बुधवार को डीआईओएस का घेराव किया गया। प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव नेतृत्व में पूरे प्रदेश में शिक्षक और कर्मचारियों एनपीएस खाते से अवैध निकासी और प्राइवेट कंपनियों के निवेश की घटना पर हर संभव समाधान की मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय में प्रदर्शन किया। ज्ञापन डीआईओएस पीएन सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान शीघ्र नहीं होगा तो बुधवार को शुक्रवार को सर्किट हाउस में शिक्षक घेराव करेंगे।डॉ. हरिप्रकाश ने कहा कि एनपीएस को अच्छा बताकर शिक्षक कर्मचारियों को डरा धमकाकर पहले एनपीएस अकाउंट खुलवाया जाता है फिर बड़े बड़े अधिकारियों के सहयोग से शिक्षकों और कर्मचारियों के खाते से उनकी खून पसीने की कमाई का अब बंदरबाट किया जा रहा है।

सड़क पर उतरकर संघर्ष करेगा शिक्षक

उन्होंने कहा कि अगर इस मामले को गंभीरता से लेकर इसका समाधान नहीं हुआ तो इसके लिए सड़क पर संघर्ष किया जाएगा। जिलाध्यक्ष मो. जावेद ने अध्यक्षता और संचालन जिलामंत्री देवराज सिंह ने किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, आय-व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार मौर्य, प्रदेश महामंत्री (ठाकुराई गुट) लालमणि द्विवेदी, गार्गी श्रीवास्तव, सुमन शर्मा, उमापति पटेल, रामचंद्र यादव, महेश यादव, अशोक कनौजिया, राजेश कुमार, सुरेश पासी हरिशंकर, जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला, जिला मंत्री विनोद सिंह, बृजराज यादव, राजेश विकास, पुरुषोत्तम वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी समेत अन्य मौजूद रहे।

# कार्यवाही : ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों पर बीडीओ ने जारी किया पत्र

**कोरांव।** कोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत अल्हवा में आयोजित 20 अक्टूबर को खंड विकास अधिकारी कोरांव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यवाही की अपेक्षा की है। बता दें कि ग्राम चौपाल अल्हवा में ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि विद्यालय में सृजित पांच पदों के अलावा दो ही अध्यापक पठन-पाठन कार्य पर लगे हैं। जिससे बच्चों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसकी बीडीओ धीरेंद्र कुमार यादव ने विद्यालय का ओचक निरीक्षण भी किया था।जिसको दृष्टिगत रखते हुए बीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव को पत्र जारी किया है। इसी तरह गांव की सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमण एवं गरीबों को आवासीय पट्टा देने की भी शिकायत ग्रामीण जनों द्वारा दर्ज कराई गई थी। गरीब ग्रामीण आदिवासियों ने शिकायत लिखित रूप से दर्ज कराई थी कि ग्राम के सरहंग लोग बंजर,नवीन परती आदि भूमि पर भू माफियाओं ने कब्जा कर रखा है जिससे गरीब समाज की मुख्य धारा से जुड़ नहीं पा रहे। और न ही पट्टा किया जा रहा है। जिसको लेकर बीडीओ ने उप जिलाधिकारी कोराव को कार्यवाही हेतु पत्र जारी किया है। इसी क्रम में कोटेदार के द्वारा राशन कार्ड धारकों को राशन में घटतौली करने की भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसको लेकर बीडीओ ने आपूर्ति निरीक्षक को विधिक कार्यवाही हेतु पत्र जारी किया है। और कृत कार्यवाही से अवगत भी कराने को कहा है। जिससे जिला प्रशासन से लेकर ग्राम पंचायत अल्हवा को भी अवगत कराया जा सके।

## किन्नरों ने युवक को दौड़ा दौड़ा कर पीटा वीडियो वायरल

**झूंसी।** पेट्रोल पंप के सामने का एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे एक युवक को कुछ किन्नर दौड़ा दौड़ा कर पीट रहे है। बताया जा रहा है कि पैसे मांगने के दौरान युवक ने किन्नरों से बदसलूकी की थी। जिसके बाद सभी किन्नरों ने युवक को लात घुसो से पीटा। विजय दशमी की शाम कुछ किन्नर झूंसी की दुकानों में नेग मांग रही थी। पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक बैंक के पास दुकान पर किन्नर नेग मांगने पहुचे थे। दुकान पर पहले से मौजूद कोहना गांव के एक युवक ने किन्नरों से कुछ बत्तमीजी कर दी जिससे नाराज किन्नरों ने युवक को पीटना शुरू कर दिया। मारपीट शोर शराबा होने पर अन्य दुकानों पर मौजूद किन्नर भी मौके पर आ गए और युवक को दौड़ा दौड़ा कर लात घुसो से पीटा। मौके पर तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई और पास के एक दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई जिसे किसी ने वायरल कर दिया।

# दुर्गा विसर्जन करने जा रहे युवक को मारी गोली, लोगों में मची अफरा-तफरी



**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के लिलवारा गांव में मंगलवार दोपहर को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके बनाएं पैर के घुटने के पास लगी है। युवक का एसआरएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि युवक को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया गया है। अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।गोली लगने से घायल युवक का नाम अवधेश यादव (27) पुत्र अमृत लाल लिलवारा गांव का रहने वाला है। साथी युवक ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे वह ग्रामीणों के साथ दुर्गा विसर्जन करने जा रहा था। गांव के ट्यूबेल मंदिर के पास पहुंचा ही था कि पड़ोसी गांव के लल्ला यादव (30), सचिन यादव(28) और राजा बाबू तीनों बाइक से जा रहे थे। वह शराब के नशे में थे। अवधेश से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने पर तीनों में से किसी एक ने फायरिंग कर दिया। गोली अवधेश के बाएं पैर के घुटने के पास जा लगी। वह सड़क पर तुरंत गिर पड़ा।उधर गोली चलते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर उतरांव थाने की पुलिस पहुंची। युवक को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईएमओ डॉ. सोनू सिंह ने बताया कि युवक के बाएं पैर के घुटने के पास गोली लगी है, इलाज चल रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गड़िया मुरलीपुर विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–गड़िया मुरलीपुर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 26.10.2023 से दिनांक 08.11.2023 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09.11.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचम राज्य वित्त 15वां वित्त | पक्की सड़क से स्वामी सरन मिश्रा के घर तक जी.एस.बी कार्य | 3.30 लाख | 2 माह |

प्रभाकर
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत गड़िया मुरलीपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

श्री प्रकाश सिंह
ग्रा0 वि0 अधि0
ग्राम पंचायत गड़िया मुरलीपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023–24/दिनांक 25.10.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवीबांध विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–देवीबांध के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 30.10.2023 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 01.11.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | रीता देवी के घर से दीननाथ के घर तक पक्की नाली 250 मीटर | 10लाख |
| 2. | मनरेगा | केशव सिंह के घर से राम सुमेर के घर तक पक्की नाली 200 मीटर | 9 लाख |
| 3. | मनरेगा | जूनियर विद्यालय से आंगनबाड़ी केन्द्र तक इण्टरलाकिंग कार्य 60मी. | 3 लाख |
| 4. | मनरेगा/पंचम पन्द्रहवां | आंगनबाड़ी केन्द्र मे मॉडल शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य | |
| 5. | SLWM | देवीबांध में कूड़ा घर का निर्माण कार्य | |
| 6. | मनरेगा/पंचम पन्द्रहवां | आंगनबाड़ी केन्द्र मे बिजली वायरिंग रंगाई पुताई इत्यादि कार्य | |
| 7. | मनरेगा/पंचम पन्द्रहवां | देवीबांध ग्राम सचिवालय व सामुदायिक शौचालय में रंगाई पुताई पेंटिंग का कार्य | |
| 8. | मनरेगा/पंचम पन्द्रहवां | शिलापट्ट निर्माण कार्य | |

सोहागी देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवीबांध
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

आशीष कुमार
ग्रा0 पं0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत देवीबांध
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023–24/दिनांक


# अब लोकसभा में दिखेगा ऐतिहासिक बदलाव : सांसद रीता जोशी

**अखंड भारत संदेश**

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से 181 महिलाएं पहुंचेंगी लोकसभा: सांसद



**बारा।** सांसद रीता जोशी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देकर न सिर्फ सम्मान बढ़ाया, बल्कि सहभागिता का अवसर दिया। इसके लिए हम सभी महिलाएं प्रधानमंत्री की आभारी हैं। सांसद ने कहा कि पूर्व में सरकारें आईं और गईं, किसी ने महिलाओं की सहभागिता नहीं बढ़ाई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण देकर सशक्त बनाने का वादा निभाया। लोकसभा क्षेत्र के जसरा (विधानसभा बारा) में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज के सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सांसद रीता जोशी ने कहा, आजादी के समय कुल 24 महिलाएं लोकसभा में थी। आजादी से अब तक 75 वर्ष बाद 78 महिलाएं सांसद और उसमें अपने प्रयागराज से दो-दो महिलाओं को सांसद बनाकर भेजा। क्षेत्र से भारी संख्या में आई महिलाओं से कहा कि प्रयागराज में आपका कब्जा है प्रयागराज में महिलाओं की शक्ति उभरकर आई है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू हो जाने पर 181 महिलाएं लोकसभा में होंगी। यह देश के लिए गौरव की बात है। कहा कि जिस प्रकार से महिलाओं को सरकार निरंतर शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा की सुविधा प्रदान कर रही है वह ऐतिहासिक है। देश की बेटियां मुफ्त शिक्षा, सुरक्षा के कारण हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। यह मोदी-योगी सरकार से मिली सुरक्षा और अधिकार से ही संभव हो पाया है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने सरकार की तमाम योजनाओं को गिनाते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल जैसे वैश्विक महामारी में एक भी व्यक्ति को भूखा नहीं सोने दिया। देश, आज विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा, अब देश की बेटियां प्लेन चला रही हैं। देश की बेटियां अब बेटों से आगे हैं। 100 में 70% बेटियों का रिजल्ट परिणाम यह साबित कर रहा है, देश के सर्वोच्च पद पर इस समय देश की राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। इसलिए गर्व से करो कि हम नारी हैं। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार सविता मिश्रा ने की। उन्होंने सभी का स्वागत किया। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में क्षेत्र से आई महिलाओं ने सांसद को माला पहनाई और उनके साथ सेल्फी भी ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सांसद रीता जोशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलित किया। महिला सम्मेलन का संचालन प्रदेश कार्य समिति सदस्य संगीता गोस्वामी व जिला उपाध्यक्ष शोभा द्विवी ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सुधा गुप्ता ने प्रस्तुत की। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सदस्य महिला आयोग अनीता सिंह, ब्लॉक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष शंकरगढ़ पार्वती कोटार्य, जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी, मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह, उमा वर्मा आदि के साथ भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अतीक-अशरफ के शूटरों की हुई पेशी

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों शूटरों की आज बुधवार को पेशी कराई गई। पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कराई गई। तीनों शूटर प्रतापगढ़ जिला कारागर में बंद है जबकि उनकी सुनवाई प्रयागराज के जिला जज संतोष राय की कोर्ट में हुई।शूटर्स पर एसआईटी की चार्जशीट के आधार पर आरोप तय माना जा रहा है। अब तीन नवंबर को मामले की सुनवाई की तारीख तय की गई है। आज भी शूटर्स पर चार्ज फ्रेम नहीं हो सका है। तीन शूटरों में लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य हैं। मौके से ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था

**15 अप्रैल को हुई थी अतीक और अशरफ की हत्या**

अतीक और अशरफ की हत्या पुलिस कस्टडी में हुई थी। दोनों को मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में तीन शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तीनों मीडिया का फर्जी आईडी कार्ड लगाकर अतीक के पास पहुंचे थे और अस्पताल परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। अतीक और अशरफ को मेडिकल टेस्ट के लिए पुलिस काल्विन अस्पताल पहुंची थी उसी समय इस घटन को अंजाम दिया गया था। उस समय पुलिस ने तीनों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया थी। तभी से वह जेल में बंद है।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

## श्री रामलीला समिति द्वारा दशहरा मेला व रावण दहन सकुशल संपन्न

### डीएम, एसपी, पूर्व सांसद ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा दसवे दिन विजयदशमी पर्व पर रामलीला मैदान में भव्य मेले का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे श्री राम का रथ गोपाल मन्दिर से चलकर रामलीला मैदान पहुचा। रावण का रथ पंजाबी मार्केट होते हुए रामलीला मैदान पहुचा वहा पर राम रावण का भीषण युध्द हुआ। प्रभु श्री राम ने रावण का वधकर रावण के प्रतिमा पुतला धू धू कर जल उठा। उपस्थित राम भक्तो ने जै श्री राम के जयकारे से पूरा रामलीला मैदान गुंन्जायमान हो गया। मेले में हजारों की भीड़ को नियत्रित करने में पुलिस व अधिकारीगण लगे रहे। प्रभु श्री राम ने अहांकारी रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की जीत का परचम लहराया। विजयदशमी के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद



आरती उतारतीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह।

राजकुमारी रत्ना सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगरपालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन व उनकी माता जी, पुलिस अधिक्षक सतपाल अंतिल, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, एसपी विद्यासागर मिश्रा, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, एसडीएम सदर, मेला प्रभारी नितिन शर्मा का श्री रामलीला समिति ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद प्रतिनिधि अभिषेक मिश्रा, समिति के संरक्षक जयनारायण अग्रवाल, संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, रवि अग्रवाल, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दीन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया आदि पदाधिकारी ने प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी महाराज की आरती उतारी। आतिशबाजी का भी कंपटीशन रखा गया जो देर तक चलता रहा। इसके पश्चात विजय रथ रामलीला मैदान से लक्ष्मी नारायण मंदिर गया वहां पर आरती पूजन के बाद विजय रथ चिलबिला हनुमान मंदिर पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने आरती की। चिलबिला में विजय रथ का जगह-जगह राम भक्तों ने आरती उतार कर स्वागत किया। समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने विजयदशमी मेले का इतना बड़ा आयोजन सफल होने पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर बंटी नेता, विष्णु सोनी, राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, विवेक यादव, शिवम खंडेलवाल, प्रकाश, मनीष सिंह, विनय केशरवानी, राहुल पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, राजेश उमरवैश्य, दीपक जायसवाल, करफू सोनी, अजय कसौधन, अमित रावत, सचिन सोनी, सोना सिंह आदि उपस्थित रहे।

# इतिहास राष्ट्र का प्राण हैः संजय

### भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपने देश एवं उसकी परंपराओं के प्रति, उसके ऐतिहासिक महापुरुषों के प्रति, विरासत एवं संस्कृति के प्रति स्वाभिमान का बोध हो देशवासी, राष्ट्रवादी कहे जाते हैं। इतिहास राष्ट्र का प्राण है, जब तक किसी राष्ट्र की पीढ़ियां अपने इतिहास से जुड़ी रहती हैं तो राष्ट्र भी अहर्निश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहता है। यह बातें लीला पैलेस मे भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सह-सचिव संजय ने व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास संकलन समिति, काशी प्रान्त, उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी दिसंबर माह में जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, इंटर कॉलेज, विद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालय में इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता के प्रान्त संयोजक



लीला पैलेस में आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद अतिथिगण।

प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा ने कहा कि राष्ट्र का गौरवशाली अतीत भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता है। संयोजक प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि भारतीय चैतन्य के प्रकाश में इतिहास को देखने की आवश्यकता है। भारत बोध को केंद्र में रखकर शिक्षकों एवं छात्रों को राष्ट्र बोध कराने के लिए दिसंबर 30 से जनवरी 13 तक पूरे प्रान्त में इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी ने कहा कि देश के गौरव एवं स्वाभिमान की स्थापना के लिए मानव जीवन के सभी विषयों से संबंधित क्षेत्रों में संघ के अनेक संगठन कार्य कर रहे हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ० उदय पाल सिंह ने कहा कि समृद्धशाली इतिहास के बोध से वैभवशाली भविष्य की पृष्ठभूमि तैयार होगी। मुख्य अतिथि संजय एवं पूर्व कुलपति यू०पी० सिंह ने भारत माता एवं बाबा आप्टे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित किया। बैठक का संचालन राजेश कुमार मिश्र जी एवं जिला सचिव डा० रवि प्रताप सिंह ने संगठन मंत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डा० अमृता सिंह, डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम, अशोक राय जिलाध्यक्ष रा०शै०म०, अवधेश विश्वकर्मा, पारस नाथ गुप्ता, दिनेश कुमार द्विवेदी, डॉ अजीत प्रताप सिंह, प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ. सौरभ पाण्डेय, डा०विनोद त्रिपाठी, जिला कार्यवाह हेमंत मिश्र, प्रदीप सिंह, उदय भानु सिंह, रतन जैन, अंजली श्रीवास्तव, ब्रम्हानन्द प्रताप सिंह एवं रवींद्र पाण्डेय आदि ने प्रमुख रूप से भागीदारी की।

# फांसी के फंदे लटकता मिला युवक का शव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा में मंगलवार की सुबह एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकते युवक का शव मिलने पर हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पीएम के बाद परिवार के लोगों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा निवासी तीस वर्षीय इंद्र नारायण मिश्र उर्फ नटटुल पुत्र स्व. हरिशंकर मिश्र दिल्ली में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में नौकरी करता था। कुछ दिन पूर्व वह यहां गांव आया हुआ था। परिवार के लोगों के अनुसार बीते सोमवार की शाम करीब साढे छः बजे वह घर से शौच के लिए निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवार के लोग उसकी खोजबीन करने लगे। इसी बीच रात करीब नौ बजे घर से करीब दो मीटर दूर एक बाग में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से इंद्र नारायण को लटकते देख लोग आवाक रह गये। ग्रामीणों के सहयोग से आननफानन में युवक को फांसी के फंदे से निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक अविवाहित था वह चार भाई व एक बहन में तीसरे नंबर पर था। पीएम के बाद परिवार के लोगों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार मंगलवार को कर दिया। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले में कोई तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन पर जबरन निर्माण की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महिला की जमीन पर पड़ोसी आरोपी जबरन कब्जा कर रहे हैं निर्माण कार्य रोकने गई महिला को आरोपियों ने मारा पीटा। पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव की रहने वाली रेनू सिंह पत्नी रामेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी जमीन पर उसके गांव के कुछ लोग जबरन कब्जा करके निर्माण कार्य करना चाहते हैं। बुधवार को निर्माण कार्य रोकने के लिए गई तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए उसे दौड़ा लिया और मारा पीटा पीड़ित महिला ने सभी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# जमीनी रंजिश में आरोपियों ने महिला को पीट कर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन की पुरानी रंजिश में आरोपियों ने महिला को पीट कर जख्मी कर दिया पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी को थोड़ी क्षेत्र के छतेड़ी गांव की रहने वाली श्यामा देवी पत्नी राम अजोर ने बताया कि बीते 23 अक्टूबर को उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग एक राय होकर महिला को जमकर मारना पीटना शुरू कर दिए उसने अपनी जान बचाकर घर में भागी तो घर में घुसकर आरोपियों ने मारा पीटा पीड़ित महिला को जिससे काफी चोटे आई पीड़ित महिला ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# मानिकपुर एवं हीरागंज बाजार में आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

### सांसद विनोद सोनकर ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार में आम जनमानस के लिए ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया। केंद्र में 2014 में सरकार बनने के बाद उज्वला योजना से मुफ्त गैस सिलेंडर, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन के तहत अब गांवों में भी पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है जिससे हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाया जाए।

उन्होंने कहा कि विकास के कार्य चल रहे है। साथ ही प्रदेश के गुंडे माफियाओं को प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखाया गया। जिन्होंने कानून को हांथ में लेने का प्रयास किया। उनके खिलाफ



सांसद विनोद सोनकर का स्वागत करती महिलाएं।

उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की। आयुष्मान कार्ड से आज गरीब भी अपना ईलाज आसानी से करवा सकता है। किसानों का कर्ज माफ किया गया। कुंडा बाबागंज में सड़कों का निर्माण बराबर चल रहा है। 2014 से जो विकास का रथ चला था। वह रुकने वाला नही है। आज सरकार की सभी योजनाएं आम जनमानस तक पहुंच रही है। कोरोना महामारी से लगातार देश के गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कृषि रक्षा इकाई कुंडा के कार्यालय में साफ सफाई एवं कर्मचारियों की अनुपस्थित पर कार्यक्रम के बाद सांसद विनोद सोनकर ने कार्यालय में बैठकर रजिस्टर चेक कर अनुपस्थित कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय,पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, पूर्व प्रत्याशी सिंधुजा मिश्रा, जिला महामंत्री पवन गौतम, सतीश चैरसिया, राजन मिश्र, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रुचि केसरवानी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय मिश्र, सुमन साहू, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल,चेयरमैन हीरागंज बाजार सुरेखा सरोज,उदय शंकर पाण्डेय, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, सरोज त्रिपाठी, हिमांशु मिश्र, अतुल शुक्ल, सुरेश तिवारी, राजेश शुक्ल, आशुतोष मणि द्विवेदी, मोनू शुक्ल, अमर जीत सिंह, पूर्व प्रधान पवन ओझा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, विजय पाल सरोज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आधा शहर विक्टोरिया लाइट से हुआ जगमग

### 40 लाख की लागत से जिला अस्पताल से जेल रोड अचलपुर तक लगी विक्टोरिया लाइट




विक्टोरिया लाइट का उद्घाटन करते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने दशहरे के अवसर पर प्रताप बहादुर अस्पताल से जेल रोड होते हुए नगर पालिका की सीमा अचलपुर वार्ड तक 40 लाख की लागत से विक्टोरिया लाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि पहले चरण में कम्पनी गार्डेन से प्रताप बहादुर अस्पताल तक तथा भंगवा चुंगी कचहरी मार्ग में विक्टोरिया लाइट लगी थी। दशहरे के दिन प्रताप बहादुर अस्पताल से लेकर जेल रोड होते हुए अचलपुर वार्ड भी विक्टोरिया लाइट से जगमग हो गया। दशहरे के दिन 40 पोल लगाये गये जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये बताई गई। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, मिथिलेश सिंह, सभासद आशीष जायसवाल, पूर्व सभासद आशुतोष सिंह व रवीन्द्र केसरवानी सहित क्षेत्रीय प्रमुख नागरिकों में डा0 चक्रपाणि उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

# गांव के खेत में मिला बीमार हिरन, ग्रामीणों में कौतूहल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूरे भगवत में बुधवार की सुबह एक खेत में हिरन के मिलने से ग्रामीणों में कौतूहल बढ़ गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी हिरन को पकड़कर अपने साथ ले गये। पूरे भगवत गांव में एक बैगन के खेत में सुबह एक बीमार हिरन के मिलने से ग्रामीणों में कौतूहल बढ़ गया। जानकारी होते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीण हिरन की सींग में रस्सी लगाकर उसे पकड़कर गांव ले आये। जानकारी होने पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के कार्यकर्ता और कांग्रेस सेवादल रामपुर खास के प्रभारी प्रभात ओझा ने वन विभाग के अधिकारी रमेश मिश्र को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी हिरन को कब्जे में लेकर वन कार्यालय ले आये। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि शिवमूरत सरोज, श्रीलाल तिवारी, सुरजीत वर्मा, जयदीप, राजकुमार सरोज, अवधेश आदि भी मौजूद रहे। वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र ने बताया कि हिरन बीमार है वह भटकते हुए कहीं से यहां आ गया। चिकित्सक से उसका इलाज कराया जा रहा है।

# जयंती पर याद किये गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बहादुर शाह जफर

### कांग्रेसियों ने कार्यालय पर मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देशभक्त मुगल बादशाह और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बहादुर शाह जफर की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय प्रतापगढ़ पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद के नेतृत्व में मनाया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दानिश माबूद ने कहा कि बहादुर शाह जफर ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भारतीय सिपाहियों का नेतृत्व किया था जिसने अंग्रेजो की ईट से ईंट बजा दिया था लेकिन बाद में अंग्रेजों की बाटो और राज करो की नीति के चलते अंग्रेज बगावत को दबाने में कामयाब हो गए और अंग्रेज




बहादुर शाह जफर की जयंती पर मौजूद कांग्रेसीगण।

मेजर हडसन ने बहादुर शाह जफर को उनके बेटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनकी देशभक्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब बहादुर शाह जफर को कैद में भूख लगी तो अंग्रेज उनके बेटों के सर काट कर थाली में ले आए, उस पर उन्होंने अंग्रेजों को जवाब दिया की हिंदुस्तान के बेटे देश के लिए सर कुर्बान कर अपने बाप के पास इसी अंदाज में आया करते हैं। आज उनकी जयंती पर हम समस्त कांग्रेस जन उनको खरिज-ए-अकीदत पेश करते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित शुक्ला, शाहिद अली, वेदांत तिवारी, शाद सिद्दीकी, डॉ वीके सिंह, खुशनूद अहमद, उत्सव भूषण, सुहैल अंसारी, आशुतोष तिवारी, शादाब अहमद, फरीद अहमद, मो0 आरिफ, आदि मौजूद रहे।

# हमारा देश सदैव प्रगति के पथ पर रहे निरंतर अग्रसरः संजीव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतापगढ़ नगर स्थित तुलसी सदन में विजयदशमी का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रतापगढ़ विभाग के विभाग संघचालक रमेश व मुख्य वक्ता के रूप में संजीव उपस्थित रहे।



तुलसी सदन में आयोजित उत्सव में मौजूद अतिथिगण।

मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख संजीव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सब एकत्रित होकर विजयदशमी का उत्सव मना रहे हैं। आज देश के सभी भागों में सभी राज्यों में एवं विश्व के विभिन्न राष्ट्रों में विजयादशमी के पर्व पर सभी लोग राष्ट्र के सशक्त होने एवं राष्ट्र कभी परतंत्र ना हो ऐसी मनोभावना के साथ देश सदैव प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे, इस आशा और विश्वास के साथ पूरा समाज पूरे मनोयोग से इस बात का संकल्प ले रहा है कि हमारे हृदय के अंदर के समस्त विकार नष्ट हो जाएं हमारा शरीर राष्ट्र की उन्नत के लिए सभी कार्यों को करने के लिए सदैव तत्पर रहे। इस अवसर पर जिला संघ चालक चिंतामणि, विभाग कार्यवाह हरीश, जिला कार्यवाह हेमंत, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, आलोक, नितेश, सीतांशु, विजय, प्रभाशंकर, पंकज, अजय, प्रांजल, देवापि, पीयूष, धीरज, सुमित, सर्वोत्तम, संदीप, अंकित, अंकुर, राजेश, शिव शंकर सिंह, आशीष श्रीवास्तव, विनोद, अजय देवानंद, सौरभ धर्मेंद्र रामचंद्र, विवेक, जयशंकर, गिरजा शंकर, दिनेश रघुवीर अभय राज नारायण, यजत, यस प्रभात, चंद्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

**तुलसी सदन में मनाया गया विजयदशमी का उत्सव**

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, दो बदमाश फरार

### पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ दर्ज किया हत्या के प्रयास का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीसीटर को दबोचने में कामयाबी हासिल की है। वहीं मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए हिस्ट्रीसीटर के दो साथी फरार होने में कामयाब हो गये। पुलिस ने तीनों बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने गिरफ्तार हिस्ट्रीसीटर को बुधवार को जेल भेज दिया।

उदयपुर थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज मंगलवार की रात पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच रात करीब एक बजे मुखबिर से सूचना मिली कि थाने का हिस्ट्रीसीटर सोनू उर्फ शिवसहाय सिंह पुत्र शीतलादीन सिंह अपने दो साथियों के साथ अपने गांव बाबा का गांव पटटी कचेहरा आया है। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आयी और भारी फोर्स के साथ बदमाशों की घेराबंदी शुरू किया। इसी बीच कटरिया नहर की पटरी से एक बाइक से जा रहे तीनों बदमाश पुलिस को देख भागने लगे। लेकिन पुलिस की तगड़ी घेराबंदी को देख बदमाश हवाई फायरिंग करने लगे। इसी बीच इनकी बाइक नहर की पटरी पर पलट गयी। घेराबंदी करके पुलिस ने बाइक चला रहे हिस्ट्रीसीटर सोनू उर्फ शिवसहाय सिंह को तमंचे के साथ धर दबोचा। वहीं उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। एसओ निकेत भारद्वाज ने बताया कि पकड़े गये हिस्ट्रीसीटर सोनू पर थाना उदयपुर व जनपद के अन्य थाने के साथ ही रायबरेली, सुल्तानपुर व अमेठी, कानपुर देहात में भी विभिन्न आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार हिस्ट्रीसीटर व उसके फरार साथी रांकी उदयपुर निवासी अंशू उर्फ अंशुमान सिंह पुत्र हरिनाम सिंह तथा अंशुमान के दोस्त के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपित के पास से एक तमंचा व तीन कारतूस तथा एक खोखा की बरामदगी भी की गयी है। उसे जेल भेज दिया गया है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि गिरफ्तार हिस्ट्रीसीटर पर जनपद समेत विभिन्न जिलों में भी कुल अटठाईस आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसके अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

# दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दौरान हुई कहासुनी, पुलिस ने शांत कराया मामला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्गा पाण्डाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन को ले जाने के दौरान एक वर्ग से श्रद्धालुओं की कहासुनी हो गयी। आरोप है कि कुछ लोगों ने तमंचा निकालकर हवाई फायरिंग भी किया। मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। घटना को लेकर प्रधान प्रतिनिधि ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के इटैला ग्राम पंचायत के पूरे नोती पूरे हरजू में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में नवरात्रि में दुर्गा पाण्डाल लगाकर देवी मां दुर्गा की पूजा आराधना हुई। नवरात्रि की समाप्ति के बाद मंगलवार को श्रद्धालु दुर्गा की प्रतिमा को विर्सजन के लिए ले जा रहे थे। आरोप है कि गांव के रास्ते पर एक वर्ग के करीब दर्जन भर लोगों ने जबरन रोक लिया और गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमदा हो गये। विरोध करने पर लोग लाठी डण्डा व धारदार हथियार व अवैध तमंचा निकालकर लहराने लगे। यह भी आरोप है कि लोगों ने जानलेवा धमकी देते हुए हवाई फायरिंग भी किया। मामले की सूचना मिलते ही आननफानन में पुलिस पहुंची और मामले को किसी तरह शांत कराकर मूर्ति विसर्जन कराया। घटना को लेकर प्रधान रीता देवी की तरफ से प्रतिनिधि अनिल कुमार के साथ बडी संख्या में रात में ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और दर्जन भर लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिग बालिका का अपहरण सिर काटकर हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव से 2 अक्टूबर को एक नाबालिग बालिका को भगा ले जाने की नामजद तहरीर देने के बाद पुलिस केवल आरोपियों के घर आने जाने और उनसे मुलाकात करने तक सीमित रह गई 25 अक्टूबर को बालिका का सिर विहीन कई दिन पुराना सड़ा गला शव गांव के बाहर कुएं में मिला है सूचना पाकर मौके पर भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हालांकि जिस युवक पर बालिका को भगाने के नाम से परिजनों ने तहरीर दी है उस परिवार का बालिकाओ को भगाने का खानदानी पेशा है आरोपी युवक का पिता भी 7 वर्ष पहले 18 वर्ष की एक बालिका को लेकर भाग चुका है उसका भाई भी दो वर्ष पहले एक बालिका को लेकर भाग चुका है भाई और पिता की तर्ज पर युवक भी बालिका को लेकर भाग गया लेकिन पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नही दिखाई वरना बालिका की हत्या होने से बच जाती। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव की नाबालिक बालिका सावित्री उम्र 16 वर्ष पुत्र सुखलाल को गांव के अभय पुत्र अयोध्या प्रसाद 2 अक्टूबर को अपने साथ भगा ले गए जाते समय सावित्री घर से सोने चांदी के लाखो के जेवर और नगद रुपए भी लेकर गई थी बालिका के गायब होने के बाद उसकी मां ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया आरोपी युवक के घर कई बार चौकी पुलिस पहुंची पूछताछ कर लौट आई 23 अक्टूबर को फिर चौकी पुलिस आरोपी युवक के घर पहुंची आरोपी अभय को चौकी इंचार्ज ने पकड़ा उसके बाद चौकी इंचार्ज उसके घर से वापस लौट आए नामजद आरोपी को चौकी पुलिस ने गिरफ्तार नही किया आरोपी अभय को पकड़कर उससे पूछताछ करना और बालिका को बरामद करने का प्रयास चौकी और थाना पुलिस ने नहीं किया बुधवार 25 अक्टूबर को गांव के लोग खेत में धान की फसल की कटाई कर रहे थे इसी बीच कुएं की तरफ दातुन तोड़ने किसान गए जिस पर देखा कुएं में मक्खी भिनभिना रही है जिससे किसानों को आशंका हुई जब कुएं के अंदर झांक कर देखा तो उसके अंदर से दुर्गंध उठ रही थी कई दिन पुराना शव पड़ा था मामले की सूचना गांव वालों को मिली मौके पर बालिका के परिवार समेत गांव के तमाम लोग पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई और कुएं से बालिका का सिर विहीन शव को बाहर निकला गया तो बालिका सावित्री के रूप में शिनाख्त हुई शव का सिर गायब था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके की स्थिति देखने से एहसास होता है कि कई दिन पहले बालिका की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है।

**अपहरण के बाद नामजद तहरीर देने के बाद आरोपियों के घर आने जाने मुलाकात तक सीमित रह गई पुलिस, आरोपी युवक के परिवार का बालिकाओ को भगाने का खानदानी पेशा है**



### आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस ने क्यों छोड़ा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव में बालिका की हत्या के बाद अब सवाल उठता है कि कई दिन पहले बालिका की हत्या हो चुकी है तो 23 अक्टूबर को आरोपी युवक को चौकी पुलिस उसके घर से ले गई और आरोपी युवक को वापस क्यों छोड़ दी उन्होंने इस मामले में क्यो पूछताछ नही किया यदि पुलिस सचेत होती तो बालिका की हत्या न होती लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया या फिर आरोपियों से थाना चौकी पुलिस की साठगांठ हो चुकी थी लापरवाही बरतने वाले थाना और चौकी पुलिस के कारनामों को गंभीरता से लेते हुए आला अधिकारी क्या कठोर कार्रवाई करेंगे या फिर इसी तरह थाना और चौकी पुलिस की लापरवाही से लोगों की हत्याएं होती रहेगी

### शव मिलते ही भाग खड़े हुए आरोपी

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तेजवापुर गांव में नाबालिग बालिका के अपहरण के बाद हत्या कर सिर विहीन शव को कुएं में फेके जाने के बाद जैसे ही कुएं से शव मिलने की जानकारी गांव में पहुँची पुलिस को मिली लाश निकालने से पहले आरोपी और उसके पिता को पुलिस ने दोनों को पकड़ कर थाने ले गई उसके बाद आरोपी के भाई समेत पूरा परिवार घर छोड़कर फरार हो गया है बताया जाता है कि पड़ोसी गांव के एक दबंग के घर आरोपियों ने शरण ले ली है।

## दारानगर के ऐतिहासिक कुप्पी युद्ध मे भिड़ी राम रावण की सेना



**कड़ा कौशाम्बी** दारानगर कड़ा धाम रामलीला में एकादशी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। कौशांबी जिले के दारानगर में आयोजित होने वाली 244 वर्ष से रामलीला का कुप्पी युद्ध अपने स्वरूप को कायम किये युद्ध में राम-रावण दल की सेनाएं आमने सामने वास्तविक युद्ध करती है। इस युद्ध को देखने के लिए दूर दराज से लाखों लोग आते है कुप्पी युद्ध का रोमांस ऐसा होता है कि इसे देखने के लिए दर्शक खुद ब खुद मैदान में खिंचे चले आते है। पहले दिन दोनों सेनाओं के बीच 10-10 मिनट के चार चरण में युद्ध होता है। युद्ध के बीच लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध लक्ष्मण शक्ति आदि लीला का संपादन होता है। वहीं दूसरे दिन राम और रावण की सेना के बीच तीन चरण में युद्ध होता है जिसमें राम की सेना की जीत होती है युद्ध का संचालन मेला संयोजक की देख रेख में कराया जाता है दारानगर कड़ा धाम ऐतिहासिक रामलीला का मुख्य आकर्षण दो दिवसीय कुप्पी युद्ध के मैदान में पहुंचे एडिशनल एसपी समर बहादुर डीएम सुजीत कुमार सिराथू एसडीएम सिराथू क्षेत्र अधिकारी अवधेश विश्वकर्मा व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य दारानगर नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण केसरवानी ने राम रावण की सेना को शांतिपूर्वक से युद्ध लड़ने का संदेश दिया प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ मेला में मुस्तैद रही।

## रावण को दौड़ा दौड़ा कर प्रभु श्री राम ने किया वध



मनौरी। कस्बे का मेला ऐतिहासिक होता है पूरे मेले में जबरदस्त तरीके से कंपटीशन लाइट की सजावट और आकर्षक चौकियों ने लोगों का मोहा मन मनौरी कौशाम्बी विजयादशमी के पर्व पर जिले में बड़े ही धूमधाम से दशहरा रावण वध मेला का आयोजन हुआ है मेले में आकर्षक चौकिया को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ लगी रही पूरे मेले में आकर्षक रोशनी की सजावट की चकाचौंध देखते बन रही थी जिले के मनौरी मंझनपुर पश्चिम शरीरा शहजादपुर दारानगर नारा सराय अकिल चरवा नूरपुर सहित विभिन्न स्थानों में दो दिवसीय दशहरे का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ है प्रभु श्री राम ने सेना सहित रावण का दौड़ा-दौड़ा कर उसका वध कर दिया है रावण वध देखने के लिए अपार जन समूह उमड़ पड़ा रावण वध होते ही पूरा वातावरण प्रभु जय श्री राम के नारों से गूंज उठा मनौरी कस्बे का मेला ऐतिहासिक होता है पूरे मेले में जबरदस्त तरीके से कंपटीशन लाइट की सजावट की गई थी मनौरी के मेले में 16 कलात्मक चौकिया मेले में आई हुई भीड़ को मंत्रमुग्ध कर रही थी बुधवार को मनौरी में दंगल का आयोजन किया गया है जिसमें पहलवानों ने अपनी कुश्ती का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी मेला आयोजन मंडल के शंभू लाल केशरवानी समेत समस्त पदाधिकारियो ने कुशल मेला संपन्न कराने में जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक समेत पूरी पुलिस टीम और मेला ड्यूटी में लगे अधिकारियों को को बधाई दी है।

## एलआईयू इंस्पेक्टर का गैर जनपद ट्रांसफर

**कौशाम्बी।** जनपद में लगभग 5 वर्ष तक सेवा दे चुके एलआईयू इंस्पेक्टर पीएन कुशवाहा का गैर जनपद ट्रांसफर हो गया है शासन ने उन्हें फतेहगढ़ जनपद में भेजा है एलआईयू कार्यालय में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया,जिसमे उन्हे सभी सहयोगियों ने भावभीनी विदाई दी।इस दौरान एलआईयू के साथ साथ स्पेशल ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर तेग बहादुर सिंह सहित इंटेलिजेंस की पूरी टीम मौजूद रही।

## बिजली की चपेट में आने से युवक की झुलसकर मौत,दो झुलसे

**कौशाम्बी।** घर पर बल्ब होल्डर ठीक करते समय अचानक बिजली आने से युवक करंट की चपेट में आ गया और उसकी झुलसकर मौत हो गई,जबकि युवक को बचाने आए दो अन्य लोग भी झुलस गए है,जिनका इलाज चल रहा है कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर के शादीपुर गांव के कल्लू अपने घर पर बिजली चली जाने के बाद बल्ब और होल्डर सही कर रहा था तभी अचानक बिजली आ गई और युवक करंट की चपेट में आ गया,युवक को करंट लगता देख दो अन्य लोग उसे बचाने आए और वह भी करंट में चिपक गए और झुलस गए करंट की चपेट में आए तीनो लोगो को अस्पताल ले जाया गया जहा कल्लू को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि दो का इलाज चल रहा है,वही कल्लू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## 24 वर्ष पूर्व हुई हत्या में दो को आजीवन कारावास

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में 24 वर्ष पूर्व हुई हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने हत्या के 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा अभियुक्ता को 55,000 व अभियुक्त को 65000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। 24 वर्षों पूर्व हत्या के मामले में सैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 313 सन 1999 पुलिस ने दर्ज कर विवेचना शुरू की तत्कालीन विवेचक ध्रुव सिंह ने अभियुक्तों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त रामादेवी पुत्री मेवा लाल वा मैकू लाल पुत्र चौबे लाल निवासी माड़िया मई थाना सैनी को हत्या का दोषी पाया और दोनों अभियुक्तों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है अदालत ने रामादेवी पर 55000 और मैकू लाल पर 65000 का अर्थदण्ड लगाया है अदालत ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## कोखराज पुलिस ने अर्टिगा कार से गोमांस सप्लाई करने वाले तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशाम्बी।** अर्टिगा कार से गोमांस सप्लाई करने वाले गिरोह के तीन सदस्यो को 20 किलो गोमांस के साथ कोखराज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।थाना क्षेत्र के सिहोरी गांव में गोवंश की हत्याकर उसके मांस की सप्लाई करने के मामले में इन तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना पुलिस ने मो0 रियाज अहमद उर्फ कुल्हड पुत्र स्व0 मोहर्रम ,मो0 सालिम पुत्र मो0 रियाज निवासीगण सकाढा थाना कोखराज और अफाक खान उर्फ फूल पुत्र मुस्ताक निवासी भरवारी पुलिस चौकी के पीछे थाना कोखराज को मंगलवार को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 20 किग्रा गोमांस तथा एक अर्टिगा कार नम्बर वढ72इठ 3091 बरामद किया है। पुलिस ने तीनों को लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है।पुलिस की इस कार्यवाई से कोखराज थाना क्षेत्र में गोवंश को मारकर उनके मांस की सप्लाई में जुड़े तमाम लोग अपने घर से फरार हो गए है,पुलिस उन सभी को तलाश कर रही है।

# विकास खण्ड कड़ा एवं सरसवॉ के 473 शिक्षकों को टैबलेट किया गया वितरित

**जिलाधिकारी ने श्रीअन्न/मिलेट्स पर 02 दिवसीय कार्यशाला तथा शिक्षकों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ, मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा डायट मैदान में आयोजित उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2023-24 के तहत श्रीअन्न/मिलेट्स पर 02 दिवसीय कार्यशाला तथा लर्निंग रिसोर्स पैकेज के तहत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ तथा श्रीअन्न मिलेट्स पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया गया जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने मिलेट्स के उत्पादन को बढावा देने के लिए कृषक दारा सिंह एवं बुद्धसेन मौर्य को शाल ओढाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने विकास खण्ड कड़ा एवं सरसवॉ के 473 प्रधानाध्यापकों सहायक अध्यापकों को टैबलेट वितरित किया।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने मिशन शक्ति के तहत विभिन्न विभागों में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों-प्रवक्ता श्रीमती जरीना शौकत एवं डॉ. संगीता, सी.डी.पी.ओ. श्रीमती रेनू एवं प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती मीरा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा पाण्डेय, पशुधन प्रसार अधिकारी श्रीमती प्रतिमा सिंह, प्र. प्रधानाचार्य आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा श्रीमती रितु कुमारी, बैंक सखी श्रीमती रूमा, एफसीएल आरपी श्रीमती अन्नू मौय, विद्युत सखी श्रीमती नीलम सिंह, समूह सखी श्रीमती रंजना, पंचायत सहायक श्रीमती मालविका सिंह व श्रीमती दीपा मौय,अध्यक्ष महिला मंगलदल श्रीमती सोना देवी व श्रीमती संगीता देवी एवं श्रीमती मालविका सिंह, प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन कुशवाहा, सहायक अध्यापिका श्रीमती सुनिष्ठा प्रजापति व श्रीमती ऋतिका मिश्रा एव श्रीमती शालिनी सिंह, अध्यक्ष शिव शक्ति महिला स्वयं सहायता श्रीमती गुड़िया देवी, अध्यक्ष मातेश्वरी महिला स्वयं सहायता समूह श्रीमती गरिमा सिंह, महिला सिपाही सुश्री साक्षी व सुश्री शची एवं सुश्री आकांक्षा को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की वेटलिफ्टर कु0 शकुन एवं राष्ट्रीय स्तर की एथलीट सुनीता को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मिशन शक्ति के तहत सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए अपेक्षा की है कि आप लोग इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करती रहें। शासन द्वारा महिलाओं को ध्यान में रखकर अनेक महिला परक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की गई है, आप लोग इन योजनाओं का लाभ उठायें तथा अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलायें बैंक सखी एवं विद्युत सखी का कार्य कर रही है, जिससे उन्हें आमदनी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी कृषि प्रधान जनपद है, यहॉ के किसानों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए अधिकाधिक उत्पादन करने का कार्य कर रहे है। जनपद में केला का उत्पादन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर से मतदाता पुनरीक्षण का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। 01.01.2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा तथा जिनका नाम मतदाता सूची मे अभी तक दर्ज नही है, वे लोग अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवायें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, प्रतिनिधि सांसद प्रेमचन्द्र चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक एसएन यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं भोले शंकर उपस्थित रहे।

## हरियाणा से लाई जा रही अवैध शराब सैनी पुलिस और एसटीएफ ने पकड़ी

**कौशाम्बी।** हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब से लदा हुआ एक कंटेनर ट्रक को सैनी कोतवाली क्षेत्र में यूपी एसटीएफ और सैनी कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है।ट्रक में लाखो की शराब लदी हुई थी,पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा के पास सैनी कोतवाली पुलिस और यूपी एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर कंटेनर को पकड़ लिया।पुलिस ने कंटेनर से लाखो रुपए की 168 पेटी हरियाणा की अवैध शराब बरामद की है।शराब तस्करों ने शराब को लकड़ी की पेटी में पैक किया हुआ था और लकड़ी की पेटी की आड़ में 5364 बोतल अवैध शराब को पकड़ा है अवैध शराब बरामद मामले की सूचना पर एसपी बृजेश श्रीवास्तव सैनी कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# भवन्स मेहता विद्याश्रम के चेयरमैन का निधन

**अखंड भारत संदेश**



**भरवारी कौशाम्बी।** गुजरात हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एवम भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के चेयरमैन जस्टिस डॉ.डी.एस.सिन्हाजी का लंबी बीमारी के बाद 23 अक्तूबर को निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के निदेशक संदीप सक्सेना प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया हैं। भवन्स मेहता विधाश्रम के चेयरमैन पूर्व न्यायाधीश जस्टिस डॉक्टर डी एस सिन्हा के निधन की जानकारी मिलने के बाद पूरा भवंस मेहता परिवार शोक में डूब गया है समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्याश्रम परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति मिले। शोक व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्याश्रम परिवार में चेयरमैन के रूप में 17 वर्षों से अधिक समय तक विद्याश्रम में उनके काम के लिए हमेशा ऋणी रहेगा।हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति का बोझ सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# स्थानांतरण होने के बाद चिकित्सक की नहीं भेजी जा रही है सर्बिस बुक

**अखंड भारत संदेश**

**जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के कारनामे से 4 महीने से चिकित्सक को नहीं मिल रहा वेतन**

**मामूली मर्ज की दवाइयां को छोड़कर बड़े मर्ज की दवाइयां आयुर्वेदिक अस्पताल में नहीं मिल पाती**

**कौशाम्बी।** जिले में आयुर्वेदिक अस्पताल के जिम्मेदारों के भी कारनामे निराले हैं आयुर्वेदिक अस्पताल में पहुंचने वाली दवाइयां रास्ते से गायब हो जाती हैं मामूली मर्ज की दवाइयां को छोड़कर बड़े मर्ज की दवाइयां आयुर्वेदिक अस्पताल में नहीं मिल पाती हैं जिन अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने की सुविधा है वह अस्पताल भी दुर्दशा के शिकार हैं पूरे वर्ष बीत जाने के बाद भी एक भी मरीज को आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती नहीं किया जाता है गम्भीर मर्ज के मरीजों को आयुर्वेदिक अस्पताल से दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती है जिले के संपूर्ण आयुर्वेदिक अस्पताल अवस्था का शिकार है जिले के अधिकतर आयुर्वेदिक अस्पताल में मौके पर चिकित्सक और फार्मासिस्ट मौजूद नहीं मिलते हैं जिससे मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है जिला आयुर्वेदिक अधिकारी की लापरवाही चरम पर है कौशांबी जिले में तैनाती के बाद उनका दूसरे जिले से मोह नहीं भंग हो रहा है ड्यूटी छोड़कर वह दूसरे जिले में निवास करती हैं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी की लापरवाही के चलते चिकित्सक फार्मासिस्ट लापरवाह हो गए हैं जिससे पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पताल की पूरी व्यवस्था चौपट है जिला आयुर्वेदिक अधिकारी का कार्यालय भी अव्यवस्था का भेंट चढ़ चुका है लेकिन इस अव्यवस्था को दूर करने का प्रयास अभी तक नहीं हो सका है। मंझनपुर के भेलखा में तैनात डॉक्टर संजय का स्थानांतरण चित्रकूट जनपद में 4 महीने पहले कर दिया गया डॉक्टर संजय कौशांबी छोड़कर चित्रकूट जनपद पहुंच गए और वहां उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा उनकी सर्विस बुक चित्रकूट जिले को नहीं उपलब्ध कराई गई जिससे डॉक्टर संजय का वेतन चित्रकूट जनपद से नहीं मिल रहा है अब सवाल उठता है कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के लापरवाही से डॉक्टर संजय की सर्बिस बुक गायब हो गई है या फिर जानबूझकर डॉक्टर संजय को परेशान और प्रताड़ित करने के मकसद से उनकी सर्विस बुक जिला आयुर्वेदिक अधिकारी चित्रकूट जनपद नहीं भेज रही है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक मामले को आयुर्वेदिक निदेशालय में संज्ञान लेकर लापरवाही बरतने वाली जिला आयुर्वेदिक अधिकारी पर कठोर कार्रवाई नहीं की है।

## डाक्टर दंपत्ति की कार पुल के नीचे गिरी,दंपत्ति घायल

**कौशाम्बी।** सड़क पर बने गड्ढे से डाक्टर दंपत्ति की कार जम्प करने से अनियंत्रित हो गई और पुल के नीचे चली गई,हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए,कार में सवार कर्वी चित्रकूट में तैनात डाक्टर और उनकी पत्नी गंभीर घायल हो गए,जिन्हे लोगो नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया है जहा से उन्हे जिला अस्पताल के लिए रेफर दिया गया।कर्वी चित्रकूट में तैनात डाक्टर महफूज आलम अपनी पत्नी के साथ प्रतिदिन की भांति सुबह प्रयागराज से कर्वी चित्रकूट के लिए कार से निकले,जैसे ही कोखराज थाना के रोही बाई पास के पास पहुंचे तो सड़क पर अचानक न दिखने वाले गड्ढे से उनकी कार जम्प कर अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में पुल के नीचे चली गई। कार में सवार डाक्टर महफूज आलम और उनकी पत्नी शमशुल निशा घायल हो गए घटना के बाद पहुंचे लोगो ने घायलों से पूछने पर शमशुल ने अपने भरवारी में भाईयो की जानकारी दी,जिसपर उनके भाई आलमगीर और जहांगीर को सूचना मिली,तो भागकर सभी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहा से उन्हे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।वहा के लोगो का कहना है कि इस गड्ढे से अक्सर कई लोग की कार जम्प कर जाती है और हादसे हो जाते है लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है और हादसे होते रहते है।

## न्यूज झरोखा

### नम आंखों से हुई माता रानी की विदा



**कौशाम्बी।** नवरात्रि में जगह जगह पर भक्तों के द्वारा नवदुर्गा प्रतिमा को स्थापित करके नौ दिन पूजा, अर्चना, भजन, कीर्तन आदि करने के बाद बुधवार को दशहरा में माता रानी का विसर्जन किया गया जिसमें सभी भक्तों की आंखें पूरी तरह से नम हो गई। मूर्ति विसर्जन में डीजे बजाने पर प्रशासन ने पूरी तरह से प्रतिबंध किया था। करारी क्षेत्र के महेन्द्र गांव में भी ग्रामीणों के द्वारा दो जगह पर माता रानी की प्रतिमा को स्थापित किया गया था जिसमें लगातार नौ दिन पूरे गांव में भक्ति की बयार बह रही थी सभी जगह पर छोटे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसमें बच्चों ने खूब वाहवाही भी लूटी थी मंगलवार को जहां लोगों ने माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया लोगों की आंखों में आंसू छलक गए सभी लोगों ने दुःखी दिल से माता का विसर्जन किया। मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीणों के साथ साथ कानूनगो व लेखपाल तथा सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वर्मा , सिपाही राजकुमार यादव , सिपाही अविनाश कुमार वर्मा , होम गार्ड रामसागर तिवारी एवं चौकीदार आदि लोग मौजूद रहे।

### मां के जयकारे के साथ विसर्जित हुई प्रतिमाएं



**कौशाम्बी** शारदीय नवरात्र के 9 दिन देवी पंडाल में मूर्ति स्थापित कर भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चन भजन कीर्तन आरती कर विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की मूर्तियों को निर्धारित स्थान पर बिधि विधान से विसर्जित किया है मूर्ति विसर्जन के दौरान मां का जयकारा लगाते हुए महिला पुरुष भक्त नाचते गाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे इसी क्रम में ग्राम पंचायत नारा में महाकाल युवा कमेटी शिवराम गंज नारा बाजार के नेतृत्व में मां की प्रतिमा भक्तों ने विसर्जित की है इस मौके पर राजन यादव शनि केसरवानी ब्रिजेश केसरवानी तूफान सिंह यादव शिवम् केसरवानी जय प्रकाश गुप्ता ओमप्रकाश सोनकर इंद्रजीत सोनकर दीपक द्विवेदी अंशु गुप्ता समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अत्याचारी रावण का प्रभु श्री राम ने किया अंत



**कौशांबी** विजयादशमी के पर्व पर बड़े धूमधाम से दशहरा का पर्व मनाया गया है पूरे जिले के विभिन्न कस्बो में रावण दहन का कार्यक्रम भारी भीड़ के बीच संपन्न हुआ इसी क्रम में नारा ग्राम पंचायत में प्रभु श्री राम ने रावण का अंत किया है रावण दहन के बाद जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। रावण दहन अधर्म पर धर्म की जीत माना गया है, यही वजह है कि हर साल देशभर में रावण का पुतला जलाया है रावण दहन के दौरान प्रभु श्री राम के सेना के साथ ग्राम प्रधान फूल सिंह यादव, अभिषेक महराज, होरी लाल सोनकर , सोने लाल केशरवानी राजन यादव शनि केसरवानी ब्रिजेश केसरवानी तूफान सिंह यादव शिवम् केसरवानी जय प्रकाश गुप्ता ओमप्रकाश सोनकर इंद्रजीत सोनकर दीपक द्विवेदी अंशु गुप्ता आदि समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### ढोल नगाड़े की धुन पर भक्तों ने किया मां की प्रतिमाएं विसर्जित



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी** नवरात्रि के 9 दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चन आरती भजन कीर्तन करने के बाद भक्तों ने बिधि विधान से माँ दुर्गा की प्रतिमाएं प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर विसर्जित की है थाना चरवा के पुलिस चौकी बरियावां क्षेत्र में रामपुर घाट ससुर खदेरी नदी के पास देवी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भक्तों द्वारा किया गया है विसर्जन के दौरान महिला पुरुष भक्त माँ का जयकारा लगाते हुए नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे बरियावां बरोलहा चौरडीह रामपुर कटरा आईमापुर आदि गांव क्षेत्र में नवरात्र के पावन पर्व पर भक्तों ने पंडाल में देवी प्रतिमाएं स्थापित कर नौ दिनों तक विधि विधान से माँ दुर्गा की पूजा अर्चन आरती भजन कीर्तन किया और नवरात्रि के समाप्ति पर मां की प्रतिमाओं को ढोल नगाड़े की धुन पर मां का जयकारा लगाते हुए निर्धारित स्थल पर विसर्जित किया है गांव की मूर्तियां पुलिस के सहयोग से बिसर्जन हुई है।

### बालक को बाइक ने कुचला मौत, नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर पुलिस चौकी अंतर्गत जलालपुर जवाहरगंज निवासी अनुसूचित जाति का आयुष कुमार उम्र 5 वर्ष पुत्र अनिल कुमार 22 अक्टूबर को घर के बाहर खेल रहा था इसी बीच बाइक सवार ने बालक को टक्कर मार दी बालक सड़क पर गिर गया वाहन चालक में बालक के छाती पर बाइक चढ़ा दी जिससे खून से लहूलुहान होकर बालक तड़पने लगा और बालक गंभीर घायल हो गया हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई परिजन उसे लेकर इलाहाबाद अस्पताल गए लेकिन उसकी मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते परिवार में कोहराम मच गया दुर्घटना के बाद भागते वाहन चालक की सीसीटीवी फुटेज भी है लेकिन उसके बाद भी तीन दिन बीत जाने के बाद दुर्घटना करने वाले वाहन पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसके गिरफ्तारी नहीं की है।

### 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने मनाया विजय दशमी पर्व

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी में कार्यरत 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाने वाला दशहरा त्यौहार पर मिठाई बांटकर खुशियाँ मनायीं। ज्ञातब्य हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस का संचालन ई एम आर आई कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के निदेर्शानुसार कौशाम्बी जनपद के जिला प्रभारी ने जनपद में तैनात 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर उन्हें विजय दशमी पर्व की बधाई दी एवं लगातार उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहित किया।

### सड़क हादसे में दोपहिया सवार बृद्ध घायल

**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत मीरापुर गांव के पास दोपहिया सवार वृद्ध की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी जिससे वृद्ध लहूलुहान हो गया प्रतापगढ़ जिले के केशवपुर गाँव के रहने वाले बृजलाल 65 वर्ष किसी कार्यवश कड़ा आए थे। मीरापुर गांव के पास उनकी दोपहिया वाहन टी वी एस एक्सल अनियंत्रित हो गयी जिससे गाड़ी सहित रोड पर गिर गए। यह घटना देख आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। वृद्ध को लहूलुहान देख लोगों ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायल बृजलाल को एम्बुलेंस में शिफ्ट करके नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में भर्ती करवाया है।

### मूर्ति विसर्जन ड्यूटी में लगे होमगार्ड को पीटा

**कौशांबी** संदीपन घाट थाना के मूरतगंज तिराहा पर यातायात का होमगार्ड पप्पू पाठक ड्यूटी पर तैनात था मूर्ति हेतु दुर्गा प्रतिमाएं मूरतगंज जीटी रोड पुलिस चौकी से घूमकर मूरतगंज तिराहा की तरफ से भरवारी रोड की तरफ मूर्तियां भेजी जा रही थी इसी बात को लेकर दुर्गा प्रतिमाओं के साथ चल रहे लोगो से चौकी इंचार्ज मूरतगंज से नोक झोंक होने लगी की लोगो ने कहा कि जीटी रोड की तरफ प्रतिमाएं ले जायेंगे नोक झोक होते देखकर होमगार्ड के द्वारा वीडियो बनाने लगा जिस पर होमगार्ड को मारा पीटा और होमगार्ड की 100 एक्सएल गाड़ी की हैंडल को लोगो ने उखाड़ दिया भीड़ का दबाव देखकर होमगार्ड जान बचा कर पुलिस चौकी मूरतगंज पहुँचा और आप बीती बताई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई अपने साथ हुई घटना को होमगार्ड ने जरिए मोबाइल यातायात निरीक्षक को अवगत कराया और अपनी जान बचा कर डीसीएम में अपनी गाड़ी को लाद कर अपने घर पुरामुफ्ती जिला प्रयागराज पहुँचा।

### प्रमोद सिंह बिहार में प्राइमरी टीचर बने, परिजनों में हर्ष

**कौशाम्बी।** प्रखंड संसाधन केंद्र बिथान, समस्तीपुर बिहार द्वारा घोषित परिणाम मे चमरुपुर नगर पालिका परिषद भरवारी निवासी हंसराज सिंह यादव के पुत्र प्रमोद सिंह का चयन बीआरसी प्राइमरी टीचर में हुआ है। प्रमोद सिंह शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में होनहार थे। प्रमोद सिंह के चयन पर परिजनों एवं क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है सभी ने प्रमोद सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया है। परिजनों में पिता हंसराज सिंह यादव, माता गायत्री देवी, मामा लल्ला सिंह यादव आदि लोगों ने प्रमोद सिंह की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करते हुए खुशी व्यक्त किया है।

## संपादक की कलम से

# रावण मर गया !

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी मेरे नाना समशेर खां अपने नगर में हर साल दशहरे पर होने वाली 'रामलीला' में रावण का किरदार अदा करते थे। नानी के घर की दीवार पर आज भी रावण के गेटअप में उनकी एक आकर्षक तस्वीर लगी हुई है। इस तस्वीर को देखने से एहसास होता है कि अपने गेटअप और मेकअप के लिए नाना, खासी तैयारी किया करते थे। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक त्यौहार 'विजयादशमी' हर साल पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। दशहरे से पहले कई जगह 'रामलीला' होती हैं। एक दौर था, जब 'रामलीला' सभी के आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थीं। लोगों को इसका साल भर इंतजार रहता था। अदाकारी के शौकीन 'रामलीला' में अपना पार्ट करने के लिए महीनों तैयारी करते थे। इसके लिए बाकायदा चंदा होता और वे इंतजाम में जुट जाते। 'रामलीला' की शुरूआत से ही लोग पूरी अकीदत से इसे रात–रात भर देखते थे। लेकिन देखते–देखते वक्त बदला, लोगों की दिलचस्पियां भी बदल गईं। नई पीढ़ी में 'रामलीला' का वह पहले जैसा क्रेज नहीं रहा। तथाकथित आधुनिकता की बयार, बाजारवाद और जिंदगी की जद्दोजहद ने हमारे तमाम त्यौहारों से उनकी रौनक छीन ली। त्यौहार भी औपचारिक होकर रह गए। इन त्यौहारों पर अब पहले जैसा जश्न, साम्प्रदायिक सद्भाव और चेहरे पर कहीं खुशियां देखने को नहीं मिलतीं। साम्प्रदायिक सद्भाव, खुलूस, मुहब्बत, आपसी भाईचारा और हमारे त्यौहारों को भी जैसे जमाने की नजर लग गई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी मेरे नाना समशेर खां अपने नगर में हर साल दशहरे पर होने वाली 'रामलीला' में रावण का किरदार अदा करते थे। नानी के घर की दीवार पर आज भी रावण के गेटअप में उनकी एक आकर्षक तस्वीर लगी हुई है। इस तस्वीर को देखने से एहसास होता है कि अपने गेटअप और मेकअप के लिए नाना, खासी तैयारी किया करते थे। उस जमाने में यानी आज से चार–पांच दशक पहले, जब मेकअप और ड्रेसें परम्परागत तौर पर बनाई जाती थीं। सीमित संसाधनों में अत्याधिक प्रभाव पैदा करने के लिए क्या–क्या जुगत भिड़ाना पड़ती होगी? इस तस्वीर को देखने से मालूम चलता है। इस तस्वीर के अलावा दीवार पर एक और तस्वीर लगी हुई है, इस तस्वीर में नाना कंस के गेटअप में बाल कन्हैया को एक हाथ से ऊपर उठाए हुए हैं। टीकमगढ़ की चार दशक से ज्यादा पुरानी यह 'रामलीला' और 'कृष्णलीला' तो मैंने नहीं देखी। लेकिन बचपन की एक बात, जो मुझे अभी तलक याद है, नाना दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा भी करते थे। पूजा के बाद हम बच्चों को खीलें–बताशे और मिठाईयां मिलतीं। भले ही नाना के इंतिकाल के बाद, उनके घर में यह परम्परा खत्म हो गई हो। लेकिन इस रिवायत को मेरी मां ने हमारे यहां जिंदा रखा। हमारे छोटे से नगर शिवपुरी में भी उन दिनों, दो जगह पर 'रामलीला' खेली जाती थी। मां दोनों ही रामलीला में हम बच्चों को साथ ले जातीं। जिसका हम जी भरकर लुत्फ उठाते। खास तौर पर भगवान राम, उनकी वानर सेना और रावण की सेना के बीच चलने वाला युद्ध हम बच्चों को खूब रास आता। उन दिनों रामलीला का खुमार हम बच्चों पर इस कदर छा जाता कि बांस की पतली डंडियों के छोटे–छोटे धनुष–बाण बनाकर आपस में खेला करते। कुछ बच्चे हनुमानजी की गदा बनाकर, जिसे हम सोठा कहते थे हनुमानजी का अभिनय करते। जिस मोहल्ले में मेरा बचपन गुजरा, वहां होली–दीवाली–रक्षाबंधन गोया कि हर त्यौहार, मजहब की तमाम दीवारों से ऊपर उठकर, हम पूरे जोश–ओ–खरोश से मनाते थे। आज भी यह परम्परा टूटी नहीं है। बस उन्हें मनाने का अंदाज बदल गया है। 'रामलीला' में अदाकारी के जानिब नाना के जुनून, जौक और शौक की कुछ दिलचस्प बातें, मेरी मां अक्सर बतलाया करती हैं। मसलन नाना 'रामलीला' के लिए घर से ही तैयार हो कर जाया करते थे। उन्हें रामायण की तमाम चौपाईयां मुंहजबानी याद थी। रावण के अलावा 'रामलीला' में वे जरूरत के मुताबिक और भी किरदार निभा लिया करते थे।

# जिन्होंने बनाया वही तोड़ने में लगे है इंडिया गठबंधन !

**अशोक भाटिया**

**लोकसभा** चुनाव के लिए सभी विपक्षी दलों को जैसे-तैसे जिस गांठ में बांधने को कोशिश की जा रही थी उस गठबंधन जोड़ने में प्रमुख थे कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, नीतिशकुमार, अखिलेश यादव ,अरविन्द केजरीवाल , व 36 दल । उस गठबंधन की गांठ हाल फिलहाल में हो रहे मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में ही खुलती दिखाई दे रही है। अब इंडिया गठबंधन की एकता पर संदेह इसलिए हो चला है क्योंकि जिस तरह पहले समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारकर कांग्रेस को तेवर दिखाए थे, उसी तरह अब नीतीश की जेडीयू ने भी मध्यप्रदेश चुनाव में अपने 5 कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर दी है। दरअसल, जनता दल (यूनाइटेड) ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। जद (यू) की सहयोगी कांग्रेस मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से सत्ता छीनने की कोशिश कर रही है। जद (यू) के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान के एक बयान के अनुसार, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए यह पार्टी की ओर से जारी पहली सूची है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को सभी 230 सीट के लिए मतदान होगा। अब इस चुनाव में कांग्रेस की ही गठबंधन साथी जे डी यू के उम्मीदवार कांग्रेस के ही कैंडिडेट के वोट काटेंगे।

गौरतलब है कि जनता दल यूनाइटेड ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य आफाक अहमद खान की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार जनता दल यूनाइटेड मध्य प्रदेश के पिछोर, राजनगर, विजय राघवगढ़, थांदला और पेटलावद विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली है। वहीं, जेडीयू की भी इस घोषणा के बाद से विपक्ष की 'इंडिया' गठबंधन के एकजुटता पर भी सवाल उठने लगे हैं। जेडीयू ने राजनगर से रामकुंवर (रानी) रैकवार, पिछोर सीट से चंद्रपाल यादव, विजय राघवगढ़ से शिवनारायण सोनी, पेटलावद सीट से रामेश्वर सिंघार और थांदला से तोल सिंह भूरिया को टिकट दिया है। वहीं, इस जदयू के इस घोषणा के बाद 'इंडिया' गठबंधन को लेकर



भी अब चर्चा तेज हो गई है।

बताया जा रहा है कि जेडीयू इसके अलावा और भी प्रत्याशियों को मध्यप्रदेश चुनाव में उतार सकती है। अगर ऐसा हुआ तो इंडिया गठबंधन के लिए विधानसभा चुनावों का दौर काफी मुश्किल होगा। क्योंकि अखिलेश यादव पहले ही नाराजगी जता चुके हैं और उन्हें भी कांग्रेस के सामने प्रत्याशी उतारने पड़े। हालांकि दोनों का पैटर्न अलग रहा क्योंकि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने साफ कहा कि कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया और उन्होंने इंतजार किया लेकिन कांग्रेस ने उन सीटों पर प्रत्याशी उतारे जहां सपा या तो जीती थी या मजबूत थी। लेकिन नीतीश कुमार ने तो गजब कर दिया। नीतीश की पार्टी जेडीयू का जनाधार मध्य प्रदेश में उतना नहीं है जितना सपा का है। इसके बाद भी प्रत्याशी उतार दिए गए। इससे दो चीजें साफ हो रही हैं कि या तो इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों के लिए बना है या फिर जेडीयू जैसी पार्टियां सिर्फ खानापूर्ति के लिए विपक्षी एकता के साथ दिखती नजर आई हैं। इसी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 230 सीटों में से 228 पर प्रत्याशी उतारे हैं। यदि उसे इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को साथ लेकर चलना होता तो समाजवादी पार्टी को भी साथ लेकर चलती लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। और अब तो नीतीश कुमार भी उसी रास्ते पर हैं। ये वही नीतीश कुमार हैं जिन्होंने भाजपा और मोदी के विरोध के लिए देश भर के विपक्षी नेताओं को एकजुट करने का जिम्मा उठाया था और सबसे मुलाकात भी की थी लेकिन इंडिया गठबंधन की दूसरी बैठक का समय आते-आते उनका जोश ठंडा पड़ता गया और आरोप लगा कि कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन को हाईजैक कर लिया। फिलहाल अब विपक्षी पार्टियों का अगला मूव क्या होगा यह तो वही जानें लेकिन यह तय है कि इन विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन देश की जनता को जो मैसेज दे सकता था, वह देता नहीं दिख रहा है।

बता दें कि मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की कांग्रेस से नाराजगी सामने पहले ही आ चुकी है। मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पर धोखेबाजी करने का आरोप तक लगा दिया था। अखिलेश यादव ने इस मामले में मीडिया से बात करते हुए कहा था कि- " जब गठबंधन नहीं करना था तो हमें बुलाया ही क्यों था। हमें पहले बता देते कि प्रदेश स्तर पर नहीं लोकसभा चुनाव के समय गठबंधन होगा। सपा मुखिया ने इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस के लोग मुझे बोल दें कि सपा के साथ उन्हें गठबंधन नहीं करना है, हमसे साजिश और षड्यंत्र न करें। इसके पहले मध्य प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच सीट बंटवारे को लेकर बात नहीं बन पाई थी । इस कारण दोनों दलों के बीच अब कटुता की खबरें भी आने लगी । ऐसे में कहा जा सकता है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस-सपा के बीच गठबंधन की संभावना काफी कम हो गई है। दोनों दल कई निर्वाचन क्षेत्रों में अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने लगे हैं। सबसे पहले कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में उन सात सीटों में से चार पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी, जहां अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी पहले ही लिस्ट में उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी थी। कांग्रेस की इस लिस्ट ने न सिर्फ मध्यप्रदेश में कांग्रेस-सपा गठबंधन के अफवाहों पर फुलस्टाप लगा दिया बल्कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी नाराज कर दिया है। 15 अक्टूबर को ही अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस को लेकर अपनी नाराजगी जताई थी।समाजवादी नेता ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती ही नहीं की भाजपा हारे। उन्होंने एक रिपोर्ट में ये भी बताया, 'सपा ने कांग्रेस पार्टी को बताया था कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में 10 सीटें चाहती है। लेकिन कांग्रेस ने कम सीटों की पेशकश की थी। फिर अचानक ही इतने सारे उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया।' इन्ही कारणों से मध्यप्रदेश में कांग्रेस औरसमाजवादी के बीच तलवार खिंची हुई हैं। अब तक 19 सीटों पर दोनों दलों के उम्मीदवार आमने-सामने हैं। मध्यप्रदेश में समाजवादी के पिछले चुनावी प्रदर्शनों को देखते हुए कांग्रेस ने उसके सीटों के दावों को भाव नहीं दिया है और राह अलग कर ली है। ऐसे में नजरें इस पर टिक गई हैं कि समाजवादी की अलग दावेदारी कांग्रेस पर क्या असर डालेगी? कांग्रेस की इस लिस्ट के बाद ये तो तय हो गया है कि मध्य प्रदेश के चुनाव मैदान में दोनों ही पार्टियां अकेले उतरेंगी। लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या इसका असर लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले सीट बंटवारे पर पड़ेगा, आखिर ह्यइंडियाह्व गठबंधन में एकता क्यों नहीं बन पा रही है?15 अक्टूबर को कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद समाजवादी और कांग्रेस में सब ठीक नहीं है ये तो जगजाहिर हो ही चुका है। लेकिन इस रार का असर लोकसभा चुनाव की सीटों पर भी असर डालना शुरू कर चुका है। दरअसल मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कानपुर पहुंचे थे। वहां अखिलेश यादव एक बयान देते हुए सबको चौंका दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, गठबंधन पर कांग्रेस निर्णय ले। अखिलेश यादव ने ये भी कहा कि अगर प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं होगा तो देश स्तर पर भी नहीं हो सकता है। उत्तरप्रदेश की लोकसभा सीटों पर गठबंधन कर मैदान में उतरने के सवाल पर अखिलेश कहते हैं कि गठबंधन की बातें और खबरें चली है, लेकिन खबरों में क्या चलता है इससे हमें फर्क नहीं पड़ता।समाजवादी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को साथ लेकर 80 सीटों पर भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करेगी। अखिलेश यादव के बयान के तुरंत बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) अखिलेश यादव की शर्तों पर नहीं, अपने संकल्पों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की तैयारी उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है। सीटों के बंटवारे और गठबंधन का फैसला हाईकमान लेगा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि अब उत्तर प्रदेश से बाहर भी पार्टी का विस्तार किया जाए और समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की पार्टी में बदला जाए। पिछले काफी समय से वो इसकी कोशिशें भी करते आ रहे हैं। 2024 से पहले समाजवादी पार्टी अब विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी बन गई । ऐसे में वो दूसरे राज्यों में भी अपनी ताकत को दिखाकर 20 24 में कुछ ज्यादा सीटें हासिल करना चाहेगी। इसके आलावा आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी बीएस जून कह चुके है कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव के लिए जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी कर रही है । उन्होंने कहा था कि मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी पूरी मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी में जुटी है। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची भी जारी कर दी जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में सिर्फ सर्वेक्षण ही टिकट देने का मापदंड होगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के हर जिले में हम परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं। जिसका समापन चार अगस्त को होगा।

# इन चुनावों के बाद एकदम अलग-थलग पड़ जायेंगे मोदी?

**डॉ. दीपक पाचपोर**

**तेलंगाना** की बात करें तो कह सकते हैं कि पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) का जो मुकाबला भाजपा के साथ माना जा रहा था, वह अब कांग्रेस के साथ हो गया है। पिछले साल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने तेलंगाना में जो 12 दिन बिताये तथा हाल ही में तीन दिन और जनसम्पर्क किया, उसने भाजपा को लड़ाई से बाहर कर दिया है। राहुल के साथ प्रियंका गांधी की राज्य के मुलुगु जिले में हुई सभा का बड़ा असर बतलाया जा रहा है।

अगले महीने विभिन्न चरणों में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी में जैसे घटनाक्रम हो रहे हैं, उनसे भाजपा का चिंतित होना स्वाभाविक तो है लेकिन सबसे अधिक चिंता होनी चाहिये खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जो लगातार अकेले पड़ते जा रहे हैं। ये घटनाक्रम जो संकेत दे रहे हैं और जैसे नतीजे अनुमानित हैं, उससे मोदी अपनी ही पार्टी में एकदम अलग-थलग पड़ सकते हैं। ऐसी हालत में क्या वे 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी का प्रतिनिधि चेहरा रहेंगे? रहे भी तो क्या वे पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को बहुमत दिला पाएंगे? राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के 3 दिसम्बर को आने वाले परिणाम ही इन सवालों का जवाब दे पायेंगे। फिर भी साफ है कि मोदी इस समय 2019 की तरह सुविधाजनक स्थिति में बिलकुल नहीं है। यह भी स्पष्ट है कि अगला लोकसभा चुनाव पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले एकदम अलग रहेगा। 2019 में जो हुआ, उसका दोहराया जाना अब सम्भव नहीं होगा। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें उसके लिये राजस्थान और मध्यप्रदेश सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वह इसलिये कि इन्हीं दोनों राज्यों से भाजपा को उम्मीद है- एक में कांग्रेस से सत्ता छीनने और दूसरे में बचाये रखने की। हालांकि दोनों टास्क उसके लिये अब आसान नहीं। छत्तीसगढ़ में पहले से कांग्रेस की बेहद मजबूत सरकार है। भाजपा की वर्तमान स्थिति कम से कम ऐसी नहीं दिखती कि बिना किसी बड़े चमत्कार के वह सत्ता पा ले। आम आदमी पार्टी, अरविंद नेताम की हमर राज पार्टी जैसे कुछ अन्य दलों के द्वारा कांग्रेस के कुछ वोट काटने से शायद उसे फायदा मिल सकता है। लोग यह तो मान रहे हैं कि कांग्रेस की चाहे सीटें घट जायें परन्तु सत्ता के लिये आवश्यक जादुई आंकड़े को वह छू लेगी।

तेलंगाना की बात करें तो कह सकते हैं कि पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) का जो मुकाबला भाजपा के साथ माना जा रहा था, वह अब कांग्रेस के साथ हो गया है। पिछले साल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने तेलंगाना में जो 12 दिन बिताये तथा हाल ही में तीन दिन और जनसम्पर्क किया, उसने भाजपा को लड़ाई से बाहर कर दिया है। राहुल के साथ प्रियंका गांधी की राज्य के मुलुगु जिले में हुई सभा का बड़ा असर बतलाया जा रहा है। अब 31 अक्टूबर को प्रियंका यहां के महबूबनगर में आ रही हैं। अपने एक चुनावी भाषण में मोदी द्वारा यह बतलाना कि हैदराबाद कौंसिल के चुनावों के बाद उनकी पार्टी का मेयर बनाने के लिये मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने उनसे भाजपा का समर्थन मांगा था, केसीआर पूरी तरह से बेनकाब हो गये हैं। राहुल को भी यह कहने का मौका मिल गया कि 'बीआरएस को वोट देने का मतलब है भाजपा को वोट देना'। उन्होंने यह भी कहा कि 'जरूरत पड़ने पर केसीआर हमेशा मोदी की मदद करने के लिये आगे आते हैं।' मिजोरम के चुनावों पर मणिपुर की घटनाओं का बड़ा असर बतलाया जा रहा है। है तो यहां सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ, 26 सीटें) की सरकार जिसने 2018 के चुनावों में भाजपा के साथ गठबन्धन किया था लेकिन भाजपा केवल एक सीट पर ही सिमट गयी थी। फिर भी वह खुद को सरकार का हिस्सा मानती रही है जबकि चुनाव जीतने के बाद वहां के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने साफ कर दिया था कि उसे अब भाजपा के सहयोग की आवश्यकता नहीं है। कुछ दिन पहले यहां भी राहुल ने दो दिवसीय दौरा किया। जिस पैमाने पर लोग उनसे जुड़े, उससे साफ हो गया कि यहां भी अब एमएनएफ का मुकाबला कांग्रेस के साथ हो गया है जबकि दूसरे नंबर की पार्टी जोराम पीपुल्स मूवमेंट पीछे ढकेल दी गयी है। भाजपा को यहां से कोई उम्मीद नहीं हो सकती। म्यांमार के घुसपैठियों को रोकने और शरणार्थियों का बायोमेट्रिक डाटा एकत्र करने का केन्द्र का आदेश मानने से मिजोरम सरकार ने साफ कर दिया था। इससे दोनों सरकारों व पार्टियों की दूरियां बढ़ गयी हैं।

रहा राजस्थान और मध्यप्रदेश! अब भाजपा केन्द्रित विमर्श इन्हीं दोनों राज्यों के सन्दर्भ में होता है। राजस्थान में भाजपा को पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा असंतुष्ट चल रहे सचिन पायलेट के बीच चल रहे मनमुटाव से आशा थी कि उसका उसे फायदा मिलेगा। ऐसा नहीं हुआ। उलटे भाजपा को अपनी ही 3 बार मुख्यमंत्री रही वसुन्धरा राजे सिंधिया की नाराजगी का सामना करना पड़ा। उनकी राज्य इकाई द्वारा तो अवहेलना हुई ही, राज्य के चुनावी दौरों पर रहते मोदी ने भी महारानी साहिबा की उपेक्षा की।

# सरकारी संकल्प यात्रा या मोदी प्रचार यात्रा

**राजेंद्र शर्मा**

**यह** सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रचार का ही मामला होता, तब भी गनीमत थी, हालांकि तब भी इससे जनता को कोई लाभ हासिल नहीं हो रहा होता। नरेंद्र मोदी के राज में जिस तरह से हरेक योजना तथा उसके प्रचार को, नरेंद्र मोदी के ब्रांड के प्रचार के साधन में तब्दील कर दिया गया है, उसे देखते हुए यह योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उनकी उपलब्धियों के दावों के बहाने, प्रधानमंत्री की छवि के प्रचार-प्रसार का मामला जाता है। नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के ऐन आखिर में, देश एक ऐसी बहस देख रहा है, जिसकी किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। बहस इस पर है कि क्या पूरे सरकारी तंत्र को सीधे-सीधे, सरकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों के प्रचार के नाम पर, सत्ताधारी पार्टी के कामयाबी के दावों के प्रचार में झोंका जा सकता है। यह बहस मोदी प्रशासन के 17 अक्टूबर के सर्कुलर से उठी है, जिसमें सभी सरकारी विभागों को कथित "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के लिए संयुक्त सचिव/ निदेशक/ डिप्टी सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को 'रथ प्रभारी' नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। उक्त संकल्प यात्रा 20 नवंबर से 2023 से 25 जनवरी 2024 तक निकाली जानी है और इसके दायरे में देश के सभी 765 जिलों और 2.69 ग्राम ग्राम पंचायतों को कवर किया जाना है। सरकारी सर्कुलर के ही अनुसार, इस पूरी मुहिम का मकसद मोदी सरकार की 'पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों को शोकेस, सेलिब्रेट करना है।'

वैसे तो इस सर्कुलर में 'सभी मंत्रालयों' को जिस तरह शामिल किया गया है, उसमें रक्षा मंत्रालय भी आ ही जाता है।

बहरहाल, इसी दौरान रक्षा मंत्रालय द्वारा और जाहिर है कि इसी कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर, देश भर में सैन्य संगठनों से जुड़े साढ़े सात सौ से ज्यादा स्थानों पर 'सैल्फी पाइंट' बनाए जाने का फैसला लिया गया है, जहां केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। पुणे में सशस्त्र बलों के अस्पताल के ऐसे ही सैल्फी पाइंट की तस्वीरें भी मीडिया में आ चुकी हैं, जिससे यह भी साफ है कि सेल्फी के पीछे विचार, प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर के साथ सैल्फी लेने का ही है। वास्तव में सशस्त्र बलों को भी औपचारिक रूप से सरकारी योजनाओं के प्रचार किंतु वास्तव में मौजूदा शासन के प्रचार के रथ में जोते जाने के वर्तमान शासन के इरादे तो तभी साफ हो गए थे, जब छुट्टी पर घर जाने वाले सैनिकों के लिए, वहां जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करने का फरमान जारी किया गया था।

हां! उक्त फरमान खुद सैन्य तंत्र के अंदर से आया था, जबकि अब यह आदेश सैन्य बलों को दूसरे सभी सरकारी विभागों वाले ही डंडे से हांकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अनेक पुराने वरिष्ठ नौकरशाहों ने, उच्च पदस्थ नौकरशाहों को 'रथ प्रभारी' नियुक्त किए जाने समेत, इस समूचे विचार को ही अकल्पनीय तथा आश्चर्यजनक करार दिया है। उन्होंने स्वाभाविक रूप से यह भी याद दिलाया है कि सरकार के पास अपना अलग प्रचार विभाग है, जिसका काम ही सरकार के कार्यक्रमों, योजनाओं आदि का और जाहिर है कि उपलब्धियों का भी प्रचार करना है।

# स्वार्थ की सत्ता ने खड़ा किया इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष

**कुमार प्रशांत**



**अंग्रेजों** की नजर से 'मिडिल-ईस्ट' यानि 'मध्य-पूर्व' माने गए अरब देशों में जिस तरह की आपसी और आंतरिक लडाईयां जारी हैं, हाल का इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष उसी का एक विस्तार है। योरोप और अमरीका के अमीर देशों की तेल और दूसरे खनिजों की हवस ने, इस्लाम को मानने वाले इन देशों को बबार्दी के रास्ते पर धकेल दिया है। ऐसे में भारत का नजरिया क्या है? महात्मा गांधी इस मसले पर क्या सोचते थे? बता रहे हैं, कुमार प्रशांत। साल भर से ज्यादा हुए, मन बेतरह घायल है। कान युक्रेन की चीख से गूंजते रहते हैं। अपनी असहायता का तीखा बोध लगातार चुभता रहता है। यह शर्म भी कम नहीं चुभती कि हमारा देश भी नागरिकों की इस जघन्य हत्या में भागीदार है और युक्रेन व रूस में बहते खून में से तेल छानकर जमा करने में लगा है। यह सब था कि तभी 7 अक्तूबर 2023 आया। फिलिस्तीनी 'हमास' ने इजरायल पर ऐसा पाशविक हमला कर दिया जिसने शर्म से झुके माथे पर टनों बोझ लाद दिया। शर्म से झुका सर लगातार झुकता ही जा रहा है क्योंकि यह गुस्सा नहीं, आत्मग्लानि का बोझ है। असहमति,विवाद, गुस्सा, प्रतिद्वंद्विता, बदला, घृणा, कायरता व क्रूरता सबकी अपनी जगह है, लेकिन इंसानियत की भी तो जगह है न ! सिकुड़ते-सिकुड़ते वह जगह अब सांस लेने लायक भी नहीं बची है। फिलिस्तीन-इजरायल समस्या का इतिहास बहुत लंबा व पुराना है - उतना ही पुराना जितना मानव जाति की मूढ़ता का इतिहास। यहां उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। 'हमास' ने जिस तरह इजरायल पर हमला किया वह उसकी मूढ़ता, हृदयहीनता व अदूरदर्शिता का प्रमाण है। 'हमास' के शीर्ष राजनीतिक नेता खालिद मशाल ने कहा कि हम ऐसी चोट मारना चाहते थे कि इजरायल बिलबिला जाए; और वही हुआ, लेकिन खालिद को क्या अब यह नहीं दीख रहा कि दोनों तरफ के सामान्य निर्दोष नागरिक बिलबिला रहे हैं? आज उनके साथ कोई नहीं है, सिवाय विनाश व मौत के ! एक बात यह भी कही जा रही है कि इजरायल व अरब देशों में जैसी आर्थिक नजदीकियां बढ़ रही थीं, उसे तोड़ने के लिए फिलिस्तीन ने 'हमास' द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाया। अब अरबों के लिए इजरायल की तरफ हाथ बढ़ाना संभव नहीं रह जाएगा। यह सच हो तो भी यह कूटनीति कितनी अमानवीय है।

प्रधानमंत्री ने तुरंत बयान दे डाला कि भारत इजरायल के साथ खड़ा है। ऐसा कहने का अधिकार उन्हें कैसे मिला? आजादी के पहले से इस विवाद के संदर्भ में भारत की भूमिका स्पष्ट रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं इस मामले में हमारी विदेश-नीति की बुनियाद रख दी थी। उसे बदलने का अधिकार केवल भारत की जनता को है, किसी भी सरकार को नहीं कि वह अपने खोखले बहुमत के घमंड में राष्ट्रीय नीतियों से खिलवाड़ करे। प्रधानमंत्री ने जो कह दिया, अब विदेश मंत्रालय दबी-ढकी जुबान में उस पर लीपापोती कर रहा है। उसने बयान दिया है कि भारत 'हमास' की हिंसा का निषेध करता है, लेकिन फिलिस्तीनों की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को समर्थन नहीं देता। इधर देखिए कि सारा अमरीकी खेमा, पश्चिम के आका मुल्क इजरायल के समर्थन में खड़े हो गए हैं जैसे हमें पता ही नहीं है कि यही वह खेमा है जिसने फिलिस्तीन के सीने पर खंजर की नोक से इजरायल लिखा था। महात्मा गांधी ने तब भी कहा था कि हमें एक-एक यहूदी अपनी जान से भी ज्यादा प्यारा है, लेकिन पश्चिमी शैतानी का सहारा लेकर वे फिलिस्तीनी घर में घुस जाएं, इसका हम समर्थन नहीं कर सकते। 1938 में गांधी ने एक विस्तृत आलेख में भारत का रुख साफ कर दिया था : 'मेरी सारी सहानुभूति यहूदियों के साथ है। मैं दक्षिण अफ्रीका के दिनों से उनको करीब से जानता हूं। उनमें से कुछ के साथ मेरी ताउम्र की दोस्ती है और उनके ही माध्यम से मैंने उनके साथ हुई ज्यादतियों की बावत जाना है। ये लोग ईसाइयत के अछूत बना दिए गये हैं। अगर तुलना ही करनी हो तो मैं कहूंगा कि यहूदियों के साथ ईसाइयों ने जैसा व्यवहार किया है, वह हिंदुओं ने अछूतों के साथ जैसा व्यवहार किया है, उसके करीब पहुंचता है। दोनों के साथ हुए अमानवीय व्यवहारों के संदर्भ में धार्मिक आधारों की बात की जाती है।" "निजी मित्रता के अलावा भी यहूदियों से मेरी सहानुभूति के व्यापक आधार हैं, लेकिन उनसे मेरी गहरी मित्रता भी मुझे न्याय का पक्ष देखने से रोक नहीं सकती और इसलिए यहूदियों की 'अपने राष्ट्रीय घर' की मांग मुझे जंचती नहीं है। इसके लिए बाइबल का आधार ढूंढा जा रहा है और फिर उसके आधार पर फिलिस्तीन लौटने की बात उठाई जा रही है, लेकिन जैसे संसार में सभी लोग करते हैं वैसा ही यहूदी भी क्यों नहीं कर सकते कि वे जहां जन्मे हैं और जहां से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, उसे ही अपना घर मानें?" 'फिलिस्तीन उसी तरह अरबों का है जिस तरह इंग्लैंड अंग्रेजों का है या कि फ्रांस फ्रांसीसियों का है। यह गलत भी होगा और अमानवीय भी कि यहूदियों को अरबों पर जबरन थोप दिया जाए। आज फिलिस्तीन में जो हो रहा है उसका कोई नैतिक आधार नहीं है।

# नम आंखों से देवी भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का किया विसर्जन

## -तालाबों पर तैनात रहा भारी पुलिस बल-शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ दुर्गा विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नौ दिनों तक जिले में मां दुर्गे की प्रतिमा की तन-मन-धन से सेवा करने वाले लाखों भक्तों ने नम आंखों से हल्की-फुल्की नच्क-झच्क व मामूली विवाद के बीच मां को अंतिम विदाई दी। जिले के सभी तालाबो व नदी घाटों किनारे गड्ढे में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन विधि-विधान व पूजा-पाठ से हुआ। प्रशासन ने सुरक्षा के चौकस इंतजाम किये थे।





बुधवार को शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जिले कक चारों और मां दुर्गा पूजा के गीत-संगीत से सराबोर शहर में देवी भक्तों ने अबीर-गुलाल व जय माता दी के नारे लगाते हुये देवी प्रतिमाओं का विसर्जन को तालाबों व चिन्हित स्थानो की ओर गये। भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। दुर्गा पूजा समितियों के आयोजक सवेरे से विसर्जन की तैयारी में जुटे थे। सभी मौहल्लों में सजी देवी प्रतिमाओं की महाआरती की गई। महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कमेटी के सदस्यों ने धूमधाम से अबीर-गुलाल की बौच्छार के बीच देवीगीतो की धुन पर नाचते-झूमते तालाबो की ओर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु ट्रैक्टर में देवी मूर्ति रखकर लाये थे। ट्रैक्टरों में परम्परागत गीत-संगीत चलता रहा।

अपरान्ह एक बजे से तालाबों व नदी घाटों के किनारे शुरू विसर्जन देर रात तक चला। श्रद्धालुओं ने राणन तालाब, रानीपुर भट्ट, दुगादास तालाब, शिवशंकर तालाब बनकट समेत जिले कक चिन्हित एक सैकड़ा से अधिक तालाबचं में मूर्ति विसर्जन कराया। विसर्जन जुलूस में अबीर-गुलाल फक्कने पर कई स्थानों पर नोंक-झोंक हुई। मामूली विवाद भी हुये, लेकिन मौके पर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाल ली। तालाबों में डटे श्रद्धालुओं की भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गे के अंतिम विदाई दी। भक्तों ने नाव में रखकर मूर्ति को प्रवाहित किया। मूर्ति विसर्जित होते ही भक्तों की आंखें छलछला उठीं। जयकारा करते हुये भक्त अगले बरस नवरात्र पर्व जल्द आने की कामना लेकर वापस आये।

मानिकपुर, पहाड़ी, मऊ, लालतारोड, राजापुर, सीतापुर प्रतिनिधि के अनुसार मानिकपुर में भरच्सा सिंह सागर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। विसर्जन के दौरान पहले मैं व तू को लेकर नोक-झोंक व तीखी बहस कक बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहाड़ी कक कुछ दुर्गा समितियों के लोगों ने अलग-अलग तालाबों पर विसर्जन किया। राजापुर व मऊ में भी देवी प्रतिमायें विसर्जित की गईं।

**फिल्मी गीतों में थिरकते रहे देवी भक्त**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मां दुर्गा प्रतिमाअचं कक विसर्जन में देवीगीत कक अलावा कई घण्टचं तक फिल्मी व फूहड़ गीतों की बहार रही। अबीर-गुलाल में नहाये युवक शराब पीकर पूरे रास्ते हुड़दंगबाजी करते देखे गये। फिल्मी गीतों पर शराब के नशे में धुत्त युवक सडकों पर नाचते रहे। इन्हें देखकर लोगों के मुंह से निकला कि यही असली देवी भक्त हैं।

**मन मसोस कर रह गये आयोजक**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की किसी भी नदी में इस वर्ष दुर्गा देवी प्रतिमाअचं कक विसर्जन पर सख्ती से हाईकर्च्ट कक रोक लगाने के आदेश का पालन कराने के डीएम व एसपी का रवैया खासा कड़ा रहा। प्रतिवर्ष की भांति नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कर नदी में प्रदूषण फैलाने वाले आयोजकों के मन मसोस कर रह जाना पड़ा। हालांकि कुछ देवी प्रतिमाओं के आयोजक मंदाकिनी व अन्य नदियो में विसर्जन का मन बनाये रहे। नदियों में प्रतिमा विसर्जन रोकने के जिला मुख्यालय समेत कस्बाई क्षेत्रों में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा।

## स्कार्पियो की ठोकर से बालक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र में गोसाईपुर में स्कॉर्पियो ने बच्चे को ठोकर मार दी, इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा मंगलवार देर रात हुआ। बताया गया कि गोसाईपुर का अरविंद कुमार पुत्र राजकुमार दशहरा मिलने जा रहा था। राजापुर से कर्वी की ओर आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ठोकर मार दी। लोगों ने स्कॉर्पियो को खड़ी करवा लिया। अरविंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर ले गए। डॉक्टर के मृत घोषित करने पर लोंगों ने हंगामा शुरू कर दिया। राजकुमार के तीन पुत्र में अरविंद दूसरे नंबर का था। राजकुमार खेती-किसानी से परिवार का भरण पोषण करता है। गांव में दशहरा के दिन हादसा होने से गांव में मातम छा गया। राजापुर थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने स्कार्पियो समेत चालक को पकड़ लिया।

## दो सगी बहनों तालाब में डूबी, मौत, हादसे से गांव में फैला सन्नाटा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव के पथरकुंडा तालाब में नहाने गई दो सगी बहनों की डूबने से मृत्यु हो गई। दोनों बहनों के डूबने की सूचना पर भारी तादाद में ग्रामीण पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शव तालाब से बाहर निकलवाये। पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। दो बेटियों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

ये हादसा मऊ थाना क्षेत्र के खण्डेहा गांव के मोहनपुर मजरे में मंगलवार को हुआ। बताया गया कि रामबाबू की बेटी भारती (12) व अंजलि (7) तालाब में नहाने गई थीं। उनकी मृत्यु से विजयादशमी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना से गांव में सन्नाटा है। परिजनों ने बताया कि शाम पांच बजे तालाब में नहाने गईं थी। तालाब बहुत गहरा है। गहरे पानी में जाने से तैरना न आने पर दोनों डूब गईं। चरवाहे ने बच्चियों के तालाब में डूबने की सूचना दी। गांव के कुछ गोताखोरों ने जब तक शव निकाले उनकी सांसे टूट चुकी थीं। थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि दो बच्चियों के तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस अस्पताल लाई। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को भेजा।

## पुलिस ने तीन जुआरी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने राजा पुत्र सिपाहीलाल, संजय पुत्र भोण्डा व नरेन्द्र यादव पुत्र महादेव निवासी बरद्वारा को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा। उनके कब्जे से मालफड़ से 3150 रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामातलाशी मे नौ सौ रुपये बरामद कर थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही बब्बू राजा व अमित सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने 20 क्वार्टर समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने शिवशंकर पुत्र भोला प्रसाद विश्वकर्मा निवासी रम्पुरवा के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा शैलेन्द्र सिंह व सिपाही राकेश कुमार शामिल रहे।

## लखनऊ से खाये युवक को पुलिस ने परिजनों को किया सुपुर्द




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह ने लखनऊ से गुमशुदा सौरभ अवस्थी उर्फ गुल्लू पुत्र जयप्रकाश अवस्थी निवासी 2672 राजाजीपुरम थाना तालकटोरा को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि 20 अक्टूबर को लखनऊ कमिश्नरेट के थाना तालकटोरा में सौरभ अवस्थी उर्फ गुल्लू के पिता जयप्रकाश अवस्थी ने गुमशुदगी लिखाई थी। 24 अक्टूबर को गुमशुदा सौरभ अवस्थी के पिता जयप्रकाश अवस्थी को सूचना मिली कि सौरभ अवस्थी चित्रकूट में है। जयप्रकाश अवस्थी ने पुलिस से सम्पर्क किया। पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेकर सौरभ अवस्थी की खोज शुरू कर दी। रात आठ बजे चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग ने रघुवीर मंदिर राम मुहल्ला से उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सूचित किया। परिजन लखनऊ से चित्रकूट आये। चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग की टीम ने सौरभ को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह, सिपाही आशीष सिंह व शिवम मिश्रा शामिल रहे।

## भोपाल से कन्या भोज के बहाने अगवा बच्चियां बरामद, हिरासत में चार आरोपी

**भोपाल। मध्य** प्रदेश की राजधानी भोपाल से कन्या भोज कराने के बहाने अगवा की गई दो मासूम बच्चियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं, अपहरण कांड में शामिल चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, इनमें एक दंपति हरियाणा का निवासी है।

दरअसल, पीर गेट स्थित माता मंदिर से शनिवार की सुबह दो बच्चियों को अगवा कर लिया गया था। इनकी पुलिस लगातार तलाश में जुटी थी। आखिरकार सोमवार की रात को पुलिस आरोपियों के करीब तक पहुंच गई और बच्चियों को कोलार क्षेत्र से बरामद करने के साथ चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

यह लोग हरियाणा और केरल के रहने वाले बताए जाते हैं। आशंका इस बात की है कि इस गिरोह के सदस्यों ने और भी मासूमों को शहर से बाहर भेजा होगा। यह आरोपी इतने शातिर थे कि दोनों बच्चियों को शहर से बाहर निकालने में किसी तरह की दिक्कत न आए और कोई इनको पहचान भी न सके, इसे ध्यान में रखकर उन्होंने दोनों बच्चियों का मुंडन करा दिया था। यह लोग कोलार इलाके में एक मकान में किराए पर रहते थे।

पुलिस ने जिन चार लोगों को पकड़ा है, उनमें हरियाणा का निवासी एक दंपति है, पति का नाम निशांत और पत्नी का नाम अर्चना सिंह है।

# गुलामी के चिन्हों को मिटा रहे मोदी: आरके पटेल

## - शहीदों को कर रहे याद: अशोक जाटव - मेरी माटी-मेरा देश का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मेरी माटी मेरा देश का जिला स्तरीय आयोजन ऐतिहासिक गणेश बाग में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में हुआ।



बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर त्रिपाठी की मौजूदगी में मेरी माटी-मेरा देश गणेश बाग में हुआ। प्रधानमंत्री के निदेशी में सांसद आरके सिंह पटेल की अगुवाई में हर ब्लॉक-नगर पालिका से कलश यात्रा चित्रकूट इंटर कॉलेज में एकत्र कर गणेश बाग में समापन हुआ। सांसद ने कहा कि भगवान राम की तपोभूमि पर मेरी माटी मेरा देश के तहत दुनिया के कई देशों में दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति का फल है कि पहले देश मुगलों व अंग्रेजों के अधीन था। हजारों साल गुलामी झेलकर विश्व में पहला नालंदा विश्वविद्यालय था। आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ में भारत ने बदलाव किए हैं। 40/45 साल पहले देश में भुखमरी थी, कोरोना काल में प्रधानमंत्री ने तीन साल तक राशन मुफ्त वितरण कर कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं से शहीदों को याद कर रहे हैं। गांव-गांव शिलापट लगाकर शहीदों को याद किया जा रहा है। खाद्यान्न, पेंशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, गरीब कल्याणकारी योजना को घर-घर पहुंचाने का कार्य हो रहा है। 2014 से पहले आवास, शौचालय, गैसचुल्हा नहीं मिल रहा था। प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास मिल रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि दो माह से कार्यक्रम चल रहा है। मुख्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम हो रहा है। अपनी मिट्टी को लोग भूले न, इसलिए ब्लॉक से जिले स्तर पर कार्यक्रम हो रहा है। घर-घर से दरवाजा खटखटाकर मिट्टी एकत्र की है, जो दिल्ली जाएगी। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, सभी बीडीओ, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, नगर पालिका/नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आडिटोरियम में लगायें गुणवत्तापूर्ण सामान: डीएम, एक माह में करें पूरा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला मुख्यालय में बन रहे रुर्वन मिशन योजना से मल्टीपरपज कांप्लेक्स (ऑडिटोरियम) का निरीक्षण कर अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि 2.50 केवी के ट्रांसफार्मर का कनेक्शन करायें।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लि के मंगाये साउंड को भी देखा। निर्देश दिया कि लाइट-साउंड अच्छे क्वालिटी का हो। मल्टी पर्पल कलर की लाइटिंग कनेक्शन करायें। फॉल सीलिंग के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि जल्द कार्य पूरा करायें। उन्होंने कहा कि स्टेज के पीछे बोर्ड में बॉर्डर भी लगवाए। चेयर के बारे में जानकारी ली। बाउंड्रीवॉल पर कालम देने के निर्देश दिये। मुख्य प्रवेश द्वार पर अर्बन मिशन का लोगो लगवायें। कार्यदाई संस्था से कहा कि मैनपॉवर बढ़ाकर एक माह के अंदर इसे पूरा करायें। फर्श पर कारपेट भी लगाए। कार्यदायी संस्था से कहा कि म्यूजियम के ग्राउंड में खाली जमीन में मिट्टी भरें। गेट का मॉडल अच्छा होना चाहिए। म्यूजियम में जो भी सामान लगायें, क्वालिटी का हो। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, अपर परियोजना प्रबंधक उप्र राजकीय निर्माण निगम लि रामफल, एई विद्युत प्रभाकर शुक्ला अदि मौजूद रहे।

## 30 को होगा महिला सम्मेलन: लवकुश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को कानपुर में होने वाले अनुसूचित वर्ग सम्मेलन व 30 अक्टूबर को जिले की दोनो विधानसभाओं मे होने वाले नारी शक्ति बंदन महिला सम्मेलन व वोटर चेतना महाअभियान के संयोजको व सहसंयोजकों के साथ बैठक हुई।

बुधवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि 28 को कानपुर में अनुसूचित जाति सम्मेलन व 30 को जिले के दोनो विधानसभाओं मे नारी शक्ति बंदन महिला सम्मेलन होगा। अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी मौजूद रहेंगे। नारी शक्ति बदन महिला सम्मेलन कर्वी विधानसभा में रैन बसेरा व मानिकपुर विधानसभा में बनबासी काल्याण केन्द्र में बतौर मुख्य अतिथि/महिला एवं बाल विकास मंत्री व प्रदेश उपाध्यक्ष कमलापति की मौजूदगी में होगा। कानपुर के अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में सभी 11 मंडलो के सभी 850 बूथों के अनुसूचित जाति के लोगो को ले चलना है। प्रधानमंत्री के महिलाओ को दिये 33 फीसदी आरक्षण पर 30 अक्टूबर को जिले की दोनो विधानसभा में नारी शक्ति बदंन महिला सम्मेलन को सफल बनाना है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को सम्मेलन में लाकर सम्मेलन सफल करना है। बैठक मे पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, आलोक पांडे, अश्वनी अवस्थी, महेन्द्र कोटार्य, महेश केशरवानी, सुमित मिश्रा, प्रेमलाल बाल्मीकि, सुरेश अनुरागी, दिब्या त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# विजयादशमी पर्व में बुराई के प्रतीक रावण का हुआ अंत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपस्थली में विजयादशमी पर्व पर बुराई के प्रतीक 25 फुट लंबे रावण का अंत हुआ। लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर दशहरे की बधाई दी।




विजयादशमी पर्व पर शहर के धुस मैदान में रामलीला मंचन हुआ। जिले की कई गांवों में भी रामलीला मंचन हुआ। रावण दहन के मौके पर सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सांसद आरके सिंह पटेल समेत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। रामलीला मंचन कर रहे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता समेत हनुमान की आरती हुई। भगवान श्रीराम ने बुराई के प्रतीक 25 फीट लंबे रावण का अंत किया। रावण का अंत होते ही लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। हजारों की तादाद में मौजूद लोग रावण दहन में शामिल रहे। रावण दहन में सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विजयादशमी पर्व में बुराइयों का अंत होता है, अपने अंदर अहंकार-घमंड को तिलांजलि देकर सभी वर्गों को लेकर सबका साथ-सबका विकास-विश्वास से एकजुट होकर राज्य व देश की उन्नति को आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

# मऊ में श्रद्धा के साथ हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** अगले बरस मैया जल्दी आना की भावांजलि देकर भक्तों ने मां दुर्गा विसर्जन कर आस्था व विश्वास की श्रद्धांजलि दी। नगर पंचायत मऊ एवं आस पास क्षेत्रों में नौ दिनों तक पंडाल में बैठी मां दुर्गा की विधिविधान से भक्तों ने पूजा-अर्चना की। नौ दिनों की पूजा के बाद बुधवार को प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का विसर्जन किया।



बुधवार को प्रशासन के चिन्हित स्थानों पर श्रद्धालुओं ने नगर पंचायत मऊ पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमाओं का कटिया स्थित तालाब में विसर्जन किया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के पीने को पानी समेत जरूरी इंतजाम किए थे। मऊ एसडीएम राकेश कुमार पाठक ने बताया कि मऊ क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पंडालों में मूर्तियों के विसर्जन को मऊ स्थित कटिया तालाब, नींबी तालाब, खंडेहा तालाब चिन्हित किये है। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की आकस्मिक चिकित्सा को डॉक्टरों की टीम समेत जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मूर्ति विसर्जन चिन्हित तालाबों समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मऊ पुलिस समेत गोताखोर मौजूद हैं। क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी, क्राइम इंस्पेक्टर अभय राज, एसआई इंद्रजीत गौतम, वरिष्ठ एसआई कृपानंदन शर्मा समेत पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## बस पहिया में वृद्धा का आया पैर, घायल


**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ में प्राइवेट बस से उतरते समय पैर फिसले से वृद्ध महिला गिर गई। उसके पैर पर बस का पहिया निकल गया। महिला बुरी तरह घायल हो गई।

ये हादसा बुधवार को पूर्वान्ह साढे 11 बजे मऊ बस स्टैण्ड में हुआ। बताया गया कि इलाहाबाद की ओर से आ रही प्राइवेट बस नगर पंचायत मऊ के बस अड्डे पर पहुंची तो बस से महिला ने मऊ चैराहे पर उतरने का प्रयास किया। पैर फिसलने से पैर बस के पिछले पहिया में आ गया। घायल महिला का नाम सूरजकली (65) पत्नी वृंदावन निवासी मुरका थाना बरगढ़ बताया गया। उसे एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

## रिपब्लिकन ने माइक जॉनसन का स्पीकर उम्मीदवार चुना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कट्टरपंथी रिपब्लिकन के पहले चुने गए प्रतिनिधि टॉम एम्मर का विरोध करने के बाद, हाउस रिपब्लिकन ने प्रतिनिधि माइक जॉनसन को अपना नया स्पीकर उम्मीदवार चुना है। यह जानकारी मीडिया



रिपोर्ट्स में दी गई है। लुइसियाना के जॉनसन हाउस जीओपी नेतृत्व के सदस्य हैं। वह संवैधानिक मुद्दों के जानकार और वकील हैं। उन्होंने 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने के लिए ट्रम्प के कानूनी प्रयास के आसपास रिपब्लिकन को एकजुट किया था। जॉनसन को बंद कमरे में हुए मतदान में 129 वोट मिले।

## अमेरिकी अभिनेता रिचर्ड राउंड्ट्री का निधन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लोकप्रिय अभिनेता रिचर्ड राउंड्ट्री का मंगलवार को यहां उनके घर पर निधन हो गया। उन्होंने 81 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। रिचर्ड के प्रबंधक पैट्रिक मैकमिन ने कहा कि वह अग्नाशय के कैंसर से जूझ रहे थे। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मैकमिन ने कहा है कि 1971 में रिलीज फिल्म शाफ्ट ने राउंड्ट्री को 29 साल की उम्र में स्टार बना दिया।



यह अमेरिका के इतिहास में पहली ब्लैक्सप्लिटेशन फिल्म थी। उन्होंने इस फिल्म में प्राइवेट जासूस की भूमिका निभाई। उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं-शाफ्ट्स बिग स्कोर और शाफ्ट इन अफ्रीका।

## ओंटारियो में गोलीबारी में तीन बच्चों समेत पांच की मौत, पुलिस को शक-करीबी साथियों के बीच हुई हिंसा

**उत्तरी ओंटारियो।** कनाडा के उत्तरी ओंटारियो में पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे और एक शूटर भी शामिल था। यह घटना रात करीब 10:30 बजे की है, जिसमें एक छह वर्षीय, सात वर्षीय, 12 वर्षीय बच्चे और एक 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। कनाडाई पुलिस के अनुसार उन्हें रात के




करीब 10:20 में घटना की जानकारी मिली। उन्हें टेंक्रेड स्ट्रीट में एक 41 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला जिसके शरीर पर गोली लगने का निशान था। हालांकि, इसके दस मिनट बाद उन्हें एक और फोन आया, जिसमें पास के इलाके में तीन बच्चों के मरने की जानकारी दी गई। पुलिस ने आगे बताया कि इसी के साथ उन्हें एक 44 वर्षीय व्यक्ति का भी शव मिला, जिसने खुद को गोली मार ली थी। प्राथमिकी जांच के दौरान पुलिस को मालूम चला कि ये सभी मौतें आपस में जुड़ी हुई है। उन्होंने इसे करीबी साथियों के बीच हुई हिंसा बताया है।

# गाजा पर इजराइल ने तेज की बमबारी, 704 लोग मारे गए

**यरुशलम/तेल अवीव।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के इजरायल पर इस महीने की सात तारीख को किए गए आक्रमण के बाद गाजा पट्टी पर उमड़े युद्ध के बादल कहर बरपा रहे हैं। इजराइल की सेना ने गाजा पर अब तक सबसे तेज बमबारी की है। इजराइल ने पिछले 48 घंटे में हमास के 720 से अधिक ठिकानों पर, मोर्टार, रॉकेट और मिसाइल दागे हैं। इन हमलों में 704 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इनमें हमास के आतंकवादी भी शामिल हैं। इस युद्ध के बीच हमास ने इजराइल के सामने नया प्रस्ताव रखा है। इसमें कहा गया है कि अगर हमला बंद कर दिया जाए तो वह बंधकों को रिहा कर देगा। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि युद्ध के 19वें दिन अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में 400 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है। इससे एक दिन पहले उसने 320 से अधिक ठिकानों को तबाह किया। हाल के दिनों में गाजा पर यह सबसे तीव्र हवाई हमले हैं। हमास नियंत्रित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस युद्ध में एक दिन में मरने वालों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है।



इजराइल ने दर्जनों हमले किए हैं। उसने घरों के अलावा एक शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया है। इन हमलों में कम से कम 704 लोग मारे गए।

गाजा के हालात पर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने कहा है कि सात अक्टूबर को हमास के इजराइल पर किए गए हमले में 1,400 लोग मारे गए थे। यह भयानक आक्रमण था, लेकिन इसके लिए गाजा पट्टी के नागरिकों को सामूहिक सजा देना अनुचित है। इस बीच आईडीएफ ने हमास का एक ऑडियो जारी किया गया है। इसमें एक परिवार को यहूदियों की हत्या का दावा करने के लिए उकसाया जा रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजराइल पर जमीनी आक्रमण में देरी करने के लिए राजनयिक दबाव बढ़ गया है। मगर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ कर दिया है कि इजराइल इसका फैसला खुद कर सकता है।

आईडीएफ ने कहा है कि इजराइल की सेना ने जेनिन में हवाई हमला कर सैनिकों पर हमला करने वाले सैकड़ों हथियारबंद आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इजराइल के हमलों से हमास घबरा गया है। हमास के प्रमुख नेता खालिद मेशाल ने मंगलवार को कहा है कि अगर इजराइल गाजा पट्टी में आतंकवादी समूह से जुड़े ठिकानों पर हमला करना बंद कर दे तो सात अक्टूबर को बंधक बनाए गए सभी नागरिकों को हमास मुक्त कर देगा।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव की टिप्पणी से नाराज सीएएम ने भी मांगा इस्तीफा

**तेल अवीव/न्यूयॉर्क।** इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन के बाद अब गैरलाभकारी संगठन कॉम्बैट एंटीसेमिटिज्म मूवमेंट (सीएएम) ने भी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की टिप्पणी पर गहरी नाराजगी जताई है। गुटेरेस ने सात अक्टूबर के हमास नरसंहार के लिए इजराइल को दोषी ठहराया था। हमास के इस आक्रामण में 1,400 इजराइलियों की मौत हो गई थी। हमास ने इस दौरान 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। सीएएम ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव से इस्तीफे की मांग की है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

कॉम्बैट एंटीसेमिटिज्म मूवमेंट के सीईओ साचा रॉयटमैन ड्रेटवा ने कहा है कि यह जानकर आश्चर्य होता है कि गुटेरेस वास्तविकता से कितने दूर हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमारी पीढ़ी को यह प्रतिबिंबित करने और



बेहतर ढंग से समझने का मौका मिला है कि कैसे वैश्विक निर्णय निर्माताओं और राय बनाने वालों की चुप्पी और मिलीभगत के कारण नरसंहार होने दिया गया। यह नरसंहार नाजी जैसा था। उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में गुटेरेस को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा था कि हमास ने इजराइल पर हमला अकारण नहीं किया। उनकी इस टिप्पणी पर इजराइल के विदेश मंत्री कोहेन ने कड़ी आपत्ति जताई। वह सुरक्षा परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने आए थे। उन्हें मंगलवार दोपहर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गुटेरेस से भी मुलाकात करनी थी। कोहेन ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ अपनी भेंट को रद्द करते हुए उनपर आतंकवाद को बर्दाश्त करने और उचित ठहराने का आरोप लगाया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा, 'महासचिव महोदय, आप सारी नैतिकता और निष्पक्षता खो चुके हैं। जब आप ये भयानक शब्द कहते हैं कि ये जघन्य हमले अकारण नहीं हुए हैं तो आप आतंकवाद को सहन कर रहे हैं और आतंकवाद को सहन करके आप आतंकवाद को उचित ठहरा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको महासचिव पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।'

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा,हमास पर जमीनी कार्रवाई के लिए इजराइल स्वतंत्र

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि गाजा में इजराइल जमीनी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। इजराइल अपना फैसला खुद ले सकता है। बाइडन ने यह टिप्पणी वाशिंगटन की यात्रा पर पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मंगलवार को तस्वीर



खिंचवाने के दौरान एक सवाल के जवाब में की। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इजराइल के खिलाफ सात अक्टूबर को हमास के आक्रमण के बाद युद्ध छिड़ गया है। इजराइल ने 2007 से फिलिस्तीन पर शासन कर रहे हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमले शुरू किए हैं। इस युद्ध से गाजा पट्टी में भारी तबाही हुई है।

## हमास प्रशंसक अरब-इजराइली अभिनेत्री मैसा अब्देल हादी गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजराइल की पुलिस ने हमास के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाली प्रसिद्ध अरब-इजराइली अभिनेत्री मैसा अब्देल हादी को गिरफ्तार किया है। इस अभिनेत्री को नाजरेथ शहर में हिरासत में लिया गया।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।इजराइल की पुलिस ने अभिनेत्री का नाम लिए बिना बयान में कहा कि नाजरेथ शहर की निवासी एक अभिनेत्री को आतंकवाद की प्रशंसा और घृणास्पद पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मैसा अब्देल हादी ने मुस्कुराने वाली इमोजी के साथ 85 वर्षीय बंधक याफा अदार की तस्वीरें पोस्ट करने के साथ हमास के समर्थन में पोस्ट किया था। अभिनेत्री के इस व्यवहार पर अभिनेता ओफर



शेखर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इन पोस्ट की निंदा करते हुए कहा कि-'मुझे आप पर शर्म आती है। मैसा अब्देल हादी आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। आप नाजरेथ में रहती हो। हमारे टीवी शो और फिल्मों में अभिनय करती हो। फिर भी हमारी पीठ में छुरा घोंपती हो।'

## 'मैंने दस यहूदियों को मारा', इस्राइली रक्षा बल ने जारी की हमास के आतंकी की फोन रिकॉर्डिंग

**तेल अवीव।** इस्राइल रक्षा बल ने एक फोन रिकॉर्डिंग जारी की है, जिसमें हमास के एक आतंकी को अपने घरवालों से बात करते हुए सुना गया। इस फोन कॉल में आतंकी अपने घरवालों से 10 यहुदियों को मारने का दावा करता है और उन्हें कुछ तस्वीरें भी भेजा है। हालांकि, आतंकी की पहचान गोपनीय रखा गया है।

**आईडीएफ ने जारी की हमास के आतंकी की फोन रिकॉर्डिंग**

गाजा सीमा के पास किबुट्ज में यहुदी महिला की हत्या करने के बाद आतंकी ने उसके फोन से अपने घरवालों से बात की। अपने घरवालों को वह व्हाट्सएप में भेजे गए तस्वीरों को देखने के लिए कहता है। आतंकी ने कॉल पर कहा, %देखो, कितनों को मैंने अपने हाथों से मार डाला। आपके बेटे ने यहुदियों को मारा।' उसने अपने पिता से कहा, 'मैंने 10 लोगों को मार डाला।' यह सुनकर उसके घरवाले उत्साहित हो गए। बेटे के इस काम पर उसके पिता ने गर्व से कहा, 'शाबाश मेरे बेटे।'

आतंकी की मां ने उसके सुरक्षित घर वापसी की कामना कर रही थी। तभी उसने कहा, 'यहां से वापस नहीं आया जाता है, या तो मौत होती है या फिर जीत मिलती है।' उसने अपने घरवालों से तस्वीरें देखने को कहा, जिसे उसने भेजा था।

आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगरी ने बताया कि इस रिकॉर्डिंग को यूएन सुरक्षा परिषद के सामने पेश किया गया है। वहीं दूसरी तरफ इस्राइली



अधिकारी ने यूएन महासचिव एंटोनियो गुतारेस के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने सात अक्तूबर को हुए हमले का जिम्मेदार फलस्तीन क्षेत्रों पर लगातार इस्राइल का कब्जा जारी रखना को बताया था। गुतारेस के इस बयान के बाद यूएन में इस्राइली राजदूत ने उनके इस्तीफे की मांग की है। सात अक्तूबर को हमास के आतंकियों द्वारा हमले के बाद इस्राइल ने भी इसका जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर कई हमले किए। इस दौरान जहां 1400 के करीब इस्राइली नागरिकों की तो वहीं लगभग 5800 गाजा पट्टी में लोगों की मौत हो चुकी है।

# इस्राइल-हमास संघर्ष पर चर्चा के बीच पाक ने किया कश्मीर का जिक्र, भारत ने कहा- प्रतिक्रिया के लायक नहीं

**संयुक्त राष्ट्र।** अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा के बीच पाकिस्तान की तरफ से बार-बार कश्मीर मुद्दे का जिक्र किया जाना जारी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा समेत अधिकतर मंचों पर उसे भारत की तरफ से हर बार करारा जवाब मिलता है। हालांकि इस बार सुरक्षा परिषद में एक बैठक के दौरान पाकिस्तान की तरफ से फिर कश्मीर मुद्दा उठाने के बाद भारत ने उसे जवाब न देने का निर्णय


अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


टिप्पणियों को उसी तरह नजरअंदाज करुंगा, जिसकी ये




लायक हैं और समय की नजाकत को समझते हुए इन पर प्रतिक्रिया देकर इसे तूल नहीं देना चाहता।

**अमेरिकी विदेश मंत्री ने मुंबई 26/11 हमले का किया जिक्र**

इससे पहले, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि सभी तरह के आतंकवादी कृत्य गैर-कानूनी और अनुचित हैं, चाहे उन्हें लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई में लोगों को निशाना बनाकर अंजाम दिया हो या हमास ने किबुत्ज बेरी में लोगों को निशाना बनाया हो। गौरतलब है कि मुंबई पर 2008 में हुए 26/11 हमलों में लश्कर-ए-तयैबा आतंकी संगठन का हाथ था। इसे लेकर भारत ने पाकिस्तान को कई सबूत भी सौंपे। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ब्लिंकन ने आगे कहा, ''हमें अपनी रक्षा करने और ऐसी भयावहता को फिर होने से रोकने के किसी भी राष्ट्र के अधिकार की सुरक्षा करनी चाहिए। इस परिषद का कोई भी सदस्य, इस संपूर्ण निकाय का कोई भी राष्ट्र अपने लोगों की हत्या बर्दाश्त नहीं कर सकता और न ही करेगा।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि इस परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बार-बार कहा है कि आतंकवाद के सभी कृत्य गैरकानूनी और अनुचित हैं। ये गैरकानूनी और अनुचित हैं, फिर चाहे नैरोबी में लोगों को निशाना बनाया गया हो या बाली में... ये हमले इस्तांबुल में हुए हों या मुंबई में, न्यूयॉर्क में हुए हों या किबुत्ज बेरी में।'' उन्होंने कहा, ''ये गैरकानूनी और अनुचित हैं, चाहे उन्हें आईएसआईएस ने अंजाम दिया हो या बोको हराम, अल शबाब, लश्कर-ए-तैयबा या हमास ने अंजाम दिया हो।''

# आयरलैंड के डिप्टी पीएम ने की हमास की निंदा, कहा- युद्ध में आम लोगों की जान जाना सही नहीं

**डबलिन।** डबलिन में ग्लोबल आयरलैंड शिखर सम्मेलन के मौके पर आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने मीडिया से इस्राइल-हमास के बीच जरी युद्ध पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि हमास की निंदा करने में पूरा यूरोप एक साथ है, लेकिन इस्राइल द्वारा उठाया गया कोई भी कदम मानवीय कानून के मापदंडों के भीतर होनी चाहिए

**आयरलैंड के डिप्टी पीएम ने की हमास की निंदा**

माइकल मार्टिन आयरलैंड के डिप्टी पीएम होने के साथ-साथ विदेश मंत्री और रक्षी मंत्री भी है। उन्होंने कहा, मैं इस्राइल पर हमास के हमले की निंदा करता हूं। अपने लोगों की रक्षा करने का इस्राइल को पूरा अधिकार है।

उन्होंने आगे कहा, 'युद्ध में आम लोगों की जान जाना सही



नहीं है। मुद्दा यह है कि अब गाजा के लोगों की मौत के साथ जितनी क्षति हो चुकी है उससे ज्यादा क्षति अब न हो इसके लिए किस प्रणाली को अपनाया जाए।' उन्होंने कहा कि हमास नागरिकों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहा है। क्षेत्र में उनके कुछ समर्थक है, जो स्थिति को और समस्यात्मक बना रहे हैं विदेश मामलों के मंत्री के रूप में अपनी भूमिका में माइकल मार्टिन ने शिखर सम्मेलन में एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए देश की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया है।

भारत नवीनीकृत एशिया प्रशांत रणनीति का एक प्रमुख पहलू है। मुंबई में एक नए महावाणिज्य दूतावास का निर्माण किया जा रहा है। पीएम मार्टिन ने कहा, 'हम भारत के अच्छे दोस्त हैं और सीमा विवादों के संदर्भ में बहुपक्षीय व्यवस्था को बढ़ाने के लिए काम करना जारी रखेंगे। हम यूक्रेन का समर्थन करते हैं। हमारा मानना है कि रूस ने यूएन चार्टर का उल्लंघन किया है। इसी के साथ हम अन्य देशों को भी कड़ा रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।'

# 'अगर शांति से जीना चाहते हैं तो...', बंधकों को लेकर गाजावासियों से इस्राइल ने रखी ये मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी के लोगों से उन स्थानों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया है, जहां इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा गया है। उन्होंने जानकारी देने वालों को पैसे की पेशकश भी की है। हमास के आतंकियों ने करीब 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाकर रखा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सटीक जानकारी देने के लिए पैसे की पेशकश की, जिससे की बंधक बनाए गए नागरिकों को बचाया जा सके। हालांकि, आईडीएफ ने जानकारी देने वालों की सुरक्षा और गोपनीयता का भी वादा किया है।

आईडीएफ ने कहा, अगर आप शांति से रहना और अपने बच्चों का बेहतर भविष्य चाहते हैं तो तुरंत मानवीय कार्य करें और हमें बंधकों को छिपाने वाले स्थानों के बारे में जानकारी दें। इस्राइली सेना आपको आश्वासन देती है कि हम



आपको और आपके घर को सुरक्षा प्रदान करने की अधिकतम कोशिश करेंगे। इसके लिए आपको इनाम के तौर पर पैसे दिए जाएंगे। हम आपको गारंटी देते हैं कि यह सब गोपनीय तरीके से होगा। उन्होंने जानकारी देने वालों के लिए आईडीएफ ने 8619 व्हाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नलः +972503957992 नंबर जारी किया है। सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमले के बाद हमास के आतंकियों ने 200 से ज्यादा इस्राइली नागरिकों को बंधक बना लिया था। इस हमले में करीबन 1400 इस्राइली नागरिक और गाजीा पट्टी में 5800 लोगों की अबतक मौत हो चुकी है। सोमवार को हमास ने 79 वर्षीय नुरिट कुपर और 85 वर्षीय योशेवेद लिफ्शित्ज और उनके पतियों को रिहा किया था। इससे पहले शुक्रवार को भी हमास के आतंकियों ने दो अमेरिकी नागरिकों को भी रिहा कर चुका है।